उज्जैन
रविवार
11
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-70
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



पंजाब की बहू नेहा कक्कड़ के सॉन्ग पर बढ़ा विवाद बॉलीवुड सिंगर के खिलाफ चाइल्ड राइट्स कमीशन को कंप्लेंट डांस मूव्स अश्लील बताए

पेज- 8

## मोदी ने सोमनाथ मंदिर में महाआरती की, ऊं जाप किया-त्रिशूल उठाया

**सोमनाथ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 12 जनवरी तक 3 दिन के गुजरात के दौरे पर हैं। शनिवार शाम वे राजकोट से



हेलिकॉप्टर के जरिए सोमनाथ पहुंचे। यहां उन्होंने रोड शो किया। इसके बाद सोमनाथ मंदिर पहुंचे। सोमेश्वर महादेव की महाआरती की। 72 घंटे चलने वाले ऊं जाप में शामिल होकर ऊं जाप भी किया। इसके बाद पीएम ने ड्रोन शो भी देखा, जिसमें 3 हजार ड्रोन से सोमनाथ गाथा प्रस्तुत की गई। पीएम ने एक्स पर लिखा- सोमनाथ आकर धन्य महसूस कर रहा हूं। यह हमारी सभ्यतागत साहस का गौरवपूर्ण प्रतीक है। वहीं, रोड शो के दौरान पीएम को देखने के लिए सड़क के दोनों और भीड़ मौजूद रही थी।

## अमेरिका ने सीरिया में आईएसआईएस ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने शनिवार रात सीरिया में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ हवाई हमले किए हैं। यह कार्रवाई पिछले महीने पल्मायरा में आतंकी हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक नागरिक की मौत के बाद की गई। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, हमलों में सीरिया के अलग-अलग इलाकों में आईएसआईएस के कई ठिकानों को निशाना बनाया गया। केंटकॉम ने बताया कि इस ऑपरेशन में आईएसआईएस के ठिकानों, हथियारों और ढांचों को निशाना बनाया गया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि किन-किन इलाकों में और कितने ठिकाने तबाह किए गए। बयान में कहा गया, अगर आप हमारे सैनिकों को नुकसान पहुंचाते हैं, तो हम आपको दुनिया के किसी भी कोने में ढूंढकर मारेंगे, चाहे आप कितनी भी कोशिश कर लें।

## हिजाब पहनने वाली महिला भी बनेगी भारत की प्रधानमंत्री

**मुंबई।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी



के एक बयान ने देश की राजनीति में नई बहस को जन्म दे दिया है। ओवैसी ने कहा है कि भले ही वे उस दिन को देखने के लिए जीवित न हों, लेकिन भविष्य में एक दिन ऐसा जरूर आएगा जब हिजाब पहनने वाली महिला भारत की प्रधानमंत्री बनेगी। उन्होंने यह टिप्पणी भारत के संविधान का हवाला देते हुए की और कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, चाहे वे किसी भी धर्म, जाति या समुदाय से आते हों।

## गणतंत्र दिवस से पहले कबूतर से लेकर पिस्तौल तक सुरक्षा बलों ने नाकाम की बड़ी साजिश

**जम्मू।** गणतंत्र दिवस समारोह से पहले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों ने चौकसी और सख्ती बढ़ा दी है। इसी बीच जम्मू सीमा पर एक के बाद एक सामने आई घटनाओं ने सुरक्षा तंत्र की सतर्कता को सही साबित किया है। अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास एक संदिग्ध कबूतर पकड़ा गया, वहीं सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए गिराई गई हथियारों और गोला-बारूद की खेप को सुरक्षा बलों ने जब्त कर लिया। इन घटनाओं ने एक बार फिर सीमा पार से होने वाली नापाक गतिविधियों और संभावित साजिशों की ओर इशारा किया है। अधिकारियों के मुताबिक, शनिवार सुबह अखनूर सेक्टर के खाराह गांव में 13 वर्षीय एक बालक आर्यन ने एक हल्के स्लेटी रंग का कबूतर पकड़ा।

# उत्तराखंड में -22 डिग्री तापमान

### 4 जिलों में नदी-झरने जमे, पंजाब-हरियाणा के 3 शहरों में तापमान शून्य के करीब, दिल्ली में 2 दिन शीतलहर का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भीषण सर्दी पड़ रही है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ स्थित आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में शनिवार को तापमान -22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में नदी, नाले और झरने जम चुके हैं।

कश्मीर के शोपियां में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर में माइनस 5.7 डिग्री पारा रहा। यहां डल झील सहित कई झीलों में पानी जम गया है। पहलगाम में न्यूनतम तापमान -7.8 डिग्री दर्ज किया गया। गुलमर्ग में रात का पारा -6.8 डिग्री रहा।

पहाड़ी राज्यों से सटे मैदानी इलाकों में भी शीतलहर चल रही है। शनिवार को पंजाब और हरियाणा के 3 शहरों में तापमान शून्य डिग्री के करीब पहुंच गया। पंजाब के होशियारपुर में न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री और अमृतसर में 1.3 डिग्रीरिकॉर्ड हुआ। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 1.6 डिग्री पारा दर्ज हुआ।

दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। यह सर्दी के इस सीजन में अब तक का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में दो दिनों में ठंड और बढ़ सकती है। रविवार और सोमवार को शीतलहर की स्थिति बनने की आशंका है।



## ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरी : ट्रंप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड पर कब्जा करना क्यों जरूरी है।

उन्होंने व्हाइट हाउस में तेल और गैस कंपनियों के बड़े अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ने ऐसा नहीं किया तो रूस और चीन जैसे देश इस पर काबिज हो जाएंगे। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं है, यह रूस और चीन को दूर रखने से जुड़ा है। हम ऐसे देशों को अपना पड़ोसी बनते देख नहीं सकते। ट्रम्प ने आगे कहा, अमेरिका अगर ग्रीनलैंड को आसान तरीके से हासिल नहीं कर पाया, तो दूसरे सख्त तरीके अपनाने होंगे। उन्होंने कहा, हम ग्रीनलैंड के मुद्दे पर कुछ न कुछ करेंगे, चाहे उन्हें पसंद हो या न हो।


## पाकिस्तान ने दुनियाभर से उधार मांगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लाहौर

पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के सीनियर कमांडर मोहम्मद अशफाक राणा ने एक सार्वजनिक जलसे में पाकिस्तान सरकार पर तंज किया है। उन्होंने पंजाब के हालात की तुलना बलूचिस्तान की बदहाली से करते हुए सरकार को चोर तक कह डाला। मोहम्मद अशफाक राणा ने पाकिस्तान की आर्थिक हालत पर भी सवाल उठाए। उसने कहा कि शायद ही दुनिया में कोई देश बचा हो जिससे पाकिस्तान ने कर्ज न लिया हो। पाकिस्तान ने अमेरिका, चीन, सऊदी अरब, वअए, मलेशिया, वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ समेत लगभग हर जगह से कर्ज लिया है।

## पत्नी-बुआ पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

### मंदसौर में पति ने कोर्ट से लौटकर की वारदात पीड़िता बोली- बंदूक दिखाकर धमकाया




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

मंदसौर जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलखूंटा में शनिवार शाम करीब 6 बजे एक शख्स ने अपनी पत्नी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जब उसकी बुआ बचाने पहुंचीं, तो आरोपी ने उन पर भी पेट्रोल डालकर आग लगा दी। दोनों महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं और जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती हैं। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें आरोपी आग लगाते हुए दिखाई दे रहा है।

पीड़िता ममता (35) ने बताया कि उसने अपने पति राजूनाथ (40) के खिलाफ नवंबर 2024 में दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया था। आरोप है कि पति ने 5 लाख रुपए की मांग की थी। रकम नहीं मिलने पर घर में आए दिन विवाद और मारपीट होती थी। इसी केस की 9 जनवरी को सीतामऊ कोर्ट में सुनवाई हुई थी। पेशी के बाद ममता अपनी बुआ कासूबाई (60) के घर पीपलखूंटा गांव चली गई थी। महिला के मुताबिक इस मामले में 2 से 3 बार कोर्ट में पेशी हो चुकी है। ममता पिछले करीब एक साल से पति से अलग रह रही थी। शनिवार शाम कोर्ट से लौटने के बाद पति पीपलखूंटा पहुंचा। पहले उसने पत्नी ममता पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जब बुआ कासूबाई उसे बचाने आईं, तो आरोपी ने उन पर भी पेट्रोल डालकर आग लगा दी। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई और दोनों को अस्पताल पहुंचाया।

# ईरान में प्रदर्शनकारियों को फांसी की धमकी

### सरकार ने खुदा का दुश्मन बताया, हिंसा में अब तक 217 मौतें, 2600 से ज्यादा हिरासत में







ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

ईरान में बीते दो हफ्ते से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है।

ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शन में शामिल लोगों को खुदा का दुश्मन माना जाएगा, जिसके तहत मौत की सजा दी जा सकती है। टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डॉक्टर के हवाले से बताया कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें ज्यादातर की मौत गोली लगने से हुई हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 2600 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ब्रिटेन में ईरानी दूतावास का झंडा उतारा

- ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भी ईरानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन हुए। इस दौरान एक प्रदर्शनकारी ने ईरानी दूतावास का इस्लामी गणराज्य का झंडा हटाकर 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले इस्तेमाल होने वाला झंडा फहरा दिया।
- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी ने शेर और सूरज के निशान वाला तिरंगा झंडा लगाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह झंडा कई मिनट तक दूतावास पर लगा रहा, जिसके बाद उसे हटा दिया गया।
- यह झंडा ईरान में शाह के शासनकाल के दौरान इस्तेमाल किया जाता था। प्रदर्शन के दौरान डेमोक्रेसी फॉर ईरान और फ्री ईरान जैसे नारे लगे।
- लंदन पुलिस ने कहा कि झंडा हटाने की घटना के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था रोकी जा सके और ईरानी दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ने बताया कि मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य संदिग्ध की तलाश जारी है।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
निःशुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ निःशुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### नेपाल के मजदूर पर गिरी क्रेन, दबने से हुई मौत

**उज्जैन।** नल-जल योजना के प्लांट पर काम करने वाले मजदूर पर शनिवार को क्रेन टूटकर गिर गई। मजदूर की मौके पर मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मजदूर का शव नेपाल ले जाया गया है। भैरवगढ़ थाना एसआई महेन्द्रसिंह सेंधव ने बताया कि ग्राम गोयला बुजुर्ग में दिलीप बिल्डकॉन कंपनी द्वारा नल-जल योजना का प्लांट बनाया रहा है। जहां टंकी का निर्माण भी हो रहा है। शनिवार दोपहर को काम के दौरान केन टूटकर एक मजदूर पर आ गिरी। जिसकी दबने से मौके पर मौत हो गई। घटना का पता चलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक मजदूर का नाम बहादूर पिता आशाराम 45 साल निवासी ग्राम केलाली थाना हसुलिया नेपाल होना सामने आया। जानकारी लेने पर सामने आया कि निर्माण कार्य का ठेका उत्तरप्रदेश के व्यक्ति के पास है। वह नेपाल से 70 मजदूरों को लेकर आया था। मृतक उसमें शामिल था। मामले में मर्ग कायम कर प्रधान आरक्षक योगेन्द्र मालवीय द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सामने आया कि मृतक 2 बच्चों का पिता था और पिछले कई महीनों से मजदूर कर रहा था। उसके साथी पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिये नेपाल लेकर गये है।

### स्वाभिमान पर्वः सोमनाथ के बहाने भोजपुर से महाकाल तक मंदिरों में जुटा भाजपा संगठन

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-2026 का शुभारंभ किया। इसके साथ ही प्रदेश के प्रमुख शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। खजुराहो स्थित मतंगेश्वर महादेव मंदिर में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने विधिवत पूजन किया। उज्जैन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बाबा महाकाल के दर्शन कर ॐकार मंत्र का जप किया। भोजपुर महादेव मंदिर में भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। मंत्रीचार के बीच जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने सनातन स्वाभिमान तथा शिवालयों की अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### निगम के अपर आयुक्त टैगोर सहित खिलाड़ियों का सम्मान

**उज्जैन।** स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र में नगर निगम के अपर आयुक्त संतोष टैगोर का अभिनंदन किया गया। अध्यक्षता संस्था चेयरमेन प्रेमसिंह यादव ने की। सूत्रधार शैलेंद्र व्यास थे। टैगोर का जितेंद्र सिंह कुशवाह, जयसिंह यादव, कमल नंदवाना, आनंद सोलंकी, अभिषेक सिंह राठौड़, आकाश सिंह परिहार ने शाल-श्रीफल और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर वेस्टर्न इंडिया एवं मिस्टर मध्य प्रदेश खिताबधारी कमलेश चांगल, मध्य प्रदेश में गोल्ड मेडलिस्ट वसीम खान, समीर अंसारी, पावर लिफ्टिंग में मीनाक्षी कनकने, मयंक जोशी, प्रिंस परिहार, दिलीप गहलोत और तैराकी में 10 किमी के गोल्ड मेडलिस्ट अविनाश टाटावत का भी सम्मान किया गया।

### एमआर 5 ट्रांसफर स्टेशन से कचरा 7 दिन में होगा खत्म, यहां बनेगा उद्यान-सेल्फी पाइंट

**उज्जैन।** एमआर 5 स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर करीब 12 सालों से एकत्रित हुए पुराने कचरे के ढेर का निष्पादन बायो माइनिंग प्रक्रिया से युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। पिछले एक माह में टनों से कचरे का निष्पादन किया जा चुका है और अब शेष कचरे को अगले 7 दिन में पूरी तरह से समाप्त किया जाएगा। कचरे के निष्पादन की प्रक्रिया तीन चरणों में हो रही है। पहले चरण में मिट्टी को अलग किया जाएगा, जिसका उपयोग भविष्य में यहां विकसित होने वाले उद्यान में किया जाएगा। दूसरे चरण में सीएंडडी वेस्ट से पैबर ब्लॉक तैयार किए जाएंगे, जबकि तीसरे चरण में आरडीएफ को सीमेंट फैक्ट्री में ज्वलनशील पदार्थ के रूप में भेजा जाएगा। कचरे के पूरी तरह निष्पादन के बाद यहां मैदान का स्वरूप तैयार होगा और भविष्य में उद्यान एवं सेल्फी पाइंट का निर्माण होगा।

# विद्यार्थियों ने माडल देख समझे विज्ञान के सिद्धांत








### बंदर बने अवरोध प्रदर्शनी में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विद्यार्थियो में विज्ञान के सूत्र व सिद्धांतों को सरल तरीके से समझाने व इनोवेशन की ओर देश के छात्रों को उन्मुख करने के उद्देश्य से आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल की मोबाइल साइंस वेन तीन दिन के लिए शहर मे आई है। ये वेन एक्सीलेंस स्कूल शास्त्रीनगर में खड़ी है और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी इसके विभिन्न प्रदर्शों को देखकर उत्साहित हैं।

**ताले व हैण्डपम्प के पिस्टल के सिद्धांत –** चलित प्रदर्शनी वैन में ताले के प्रकार व लीवर का सिद्धांत डिस्प्ले किया गया है, वहीं हैण्डपम्प के सिद्धांत मे चूषक पिस्टन की कार्यप्रणाली समझाई गई है। वाहनो का ब्रेक व क्लच सिस्टम भी डिस्प्ले में है इसके अलावा नल की टोंटी के अंदर वाल्व के कार्य को भी समझाया गया है। विज्ञान के छात्र छात्राओ के लिए, मोबाइल साइंस प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

**उचित प्रचार नहीं –** शहर में समय से इस मोबाइल वैन की पब्लिसिटी न होने के कारण बहुत से सरकारी व निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को इसकी जानकारी नहीं है इसलिए काफी छात्र इसके लाभ से वंचित रह गए।

**वाहन के खराब होने से रूकावट-** अल्प समय के लिए आई इस साइंस मोबाइल वेन में आज मैकेनिकल गड़बड़ी हो जाने से ये काफी समय तक बंद रही और चालक गाड़ी को सुधारने का प्रयास करता रहा इस दौरान प्रदर्शनी बंद रही फिर बीच मे बंदरों के आ जाने से संभावित खतरे को देख इसे बंद किया गया। इस समय जो छात्र प्रदर्शनी देखना चाह रहे थे उन्हें निराशा हाथ लगी।

### धर्म ग्रंथों के अनुसार 15 जनवरी को स्नान और दान पुण्य करें लोग

# दो दिन मनाया जाएगा मकर संक्रांति पर्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

14 जनवरी को मनाए जाने वाला मकर संक्राति का पर्व इस बार दो दिन मनाया जाएगा। हालांकि ज्योतिषाचार्य के अनुसार 15 जनवरी को संक्रांति का पुण्य काल होगा। इसलिए लोग इसी दिन नहान दान पुण्य कर पर्व को मनाए।

पंडित अमर डिब्बेवाला ने बताया कि पंचांग की गणना के अनुसार माघ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर मकर संक्राति होगी। 14 जनवरी को दोपहर 3 :05 पर सूर्य का धनु राशि को छोड़कर के मकर राशि में प्रवेश होगा। मकर राशि में सूर्य की प्रवेश काल को ही संक्रांति माना जाता है।

14 जनवरी की दोपहर 3:05 पर सूर्य का धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश होगा अर्थात दोपहर 3:05 पर सूर्य की मकर संक्रांति पर्व की शुरूआत हो जाएगी। किंतु दान पुण्य की दृष्टि से इसका प्रभाव 15 को दृष्टिगत होगा, क्योंकि धर्मशास्त्र व अन्य धर्म ग्रंथों के अनुसार बात करें तो सूर्य की संक्रांति यदि दोपहर में या उसके बाद में होती है तो उसका पर्व काल अगले दिन मनाया जाता है।




इस दृष्टि से संक्रांति का पर्व काल व पुण्य काल 15 जनवरी को मनाया जाएगा इस दिन चावल मूंग की दाल सुहाग की वस्तुएं आदि दान की जा सकती है वहीं गर्म ऊनी वस्त्र के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुओं का दान भी किया जा सकता है। 15 जनवरी को प्रातः काल से लेकर के दिवस पर्यंत दान पुण्य की प्रक्रिया की जा सकती है।

### अमृत सिद्धि योग में आएगी मकर संक्रांति

14 जनवरी को बुधवार के दिन अनुराधा नक्षत्र होने से यह अमृत सिद्धि योग कहलाता है। शास्त्रीय अभिमत के अनुसार देखें तो अमृत सिद्धि जैसे श्रेष्ठ योग में किए गए दान की विशेष मान्यता बताई जाती है अर्थात इस योग में किया गया दान अक्षय माना जाता है। इस दृष्टि से इस योग में आने वाली संक्रांति पुण्य प्रद होते हुए धन तथा पुत्र को देने वाली मानी जाती है। साथ ही पुण्य की वृद्धि करवाने वाली एवं पितरों को प्रसन्न करने वाली बताई जाती है। इस दिन पितरों की निमित्त तीर्थ पर जलदान या पिंडदान अथवा पितरों के निमित सीधा दान वस्त्रदान- पात्रदान करने से वंश की वृद्धि होती है। इस दृष्टि से पितरों की सेवा करनी चाहिए।

### जंगली जानवरों को विशेष संरक्षण की आवश्यकता

हर बार संक्रांति के अलग-अलग वाहनों की स्थिति रहती है। इस बार संक्रांति का वाहन बाघ रहेगा और उपवाहन अश्व रहेगा। इन दोनों के ही प्रभाव अलग-अलग प्रकार से वन्य जीव संरक्षण और वन्य जीव शैली पर दिखाई देंगे। जंगली जानवरों को विशेष संरक्षण और ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी अन्यथा जंगली जानवरों को अज्ञात पीड़ा सता सकती है।

# सिंहस्थ 2028 : 20 हजार करोड़ का विशेष पैकेज मांगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ के लिए मप्र सरकार ने केंद्र से 20 हजार करोड़ रुपए का विशेष पैकेज मांगा है। यह मांग केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ हुई बैठक में रखी गई। यह बैठक शनिवार को नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों की प्री-बजट मीटिंग में हुई।

मप्र के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बताया कि सिंहस्थ में 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उनकी सुविधा के लिए सड़कें, पुल-पुलिया, क्षिप्रा नदी पर पक्के घाट, ठहरने के स्थल और अस्पताल विकसित किए जा रहे हैं। फिलहाल 20 हजार करोड़ से अधिक के अधोसंरचना कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। केंद्र से विशेष पैकेज मिलने पर ये काम और बेहतर तथा तेजी से पूरे हो सकेंगे। मप्र ने कहा कि 15वें वित्त आयोग ने राज्य का जीएसडीपी 16.94 लाख करोड़ आंका है, जबकि केंद्र कर्ज सीमा के लिए 15.44 लाख करोड़ मानता है। आयोग के आंकड़े मानने पर मप्र 4500 करोड़ अधिक कर्ज ले सकेगा। बजट में अधिक पूंजीगत सहायता की मांगः वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार लगातार विकास कार्यों पर खर्च बढ़ा रही है। 2024-25 में पूंजीगत व्यय 67,441 करोड़ रहा, जो 2023-24 के 56,539 करोड़ रुपए से 19% अधिक है। इसी तरह 2025-26 में पूंजीगत खर्च 82,513 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष से 22% ज्यादा है। इससे साफ है कि सरकार बुनियादी ढांचे पर निवेश बढ़ा रही है।



### उज्जैन महापौर ने आंदोलन की चेतावनी दी, कहा- उज्जैनवासियों के हित में जल्द निर्णय लें

# महाकाल के अवन्तिका द्वार दर्शन व्यवस्था में अनियमितता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल ने श्री महाकालेश्वर मंदिर में उज्जैनवासियों के लिए अवन्तिका द्वार से शुरू की गई शीघ्र दर्शन व्यवस्था में अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कलेक्टर एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है और मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

महापौर टटवाल ने अपने पत्र में बताया कि उज्जैन के निवासियों को आधार कार्ड के माध्यम से अवन्तिका



द्वार से सुलभ और शीघ्र दर्शन की सुविधा दी गई थी। इसका उद्देश्य स्थानीय श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से राहत दिलाना था। हालांकि, वर्तमान में अवन्तिका द्वार से प्रवेश के बाद भी उज्जैन के दर्शनार्थियों को सामान्य कतार में शामिल कर दिया जाता है, जिससे शीघ्र दर्शन का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है।

पत्र में यह भी उल्लेख है कि पर्व और विशेष अवसरों पर उज्जैनवासियों के लिए यह सुविधा बंद कर दी जाती है। इन अवसरों पर ही बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु महाकाल मंदिर दर्शन के लिए आते हैं, जिससे उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। महापौर ने जोर देकर कहा कि जब यह सुविधा उज्जैनवासियों के लिए शुरू की गई है, तो उन्हें पर्व एवं विशेष अवसरों पर भी इसका लाभ मिलना चाहिए। महापौर मुकेश टटवाल ने मंदिर प्रबंधन से मांग की है कि उज्जैन के दर्शनार्थियों के लिए अवन्तिका गेट से शीघ्र दर्शन मार्ग की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। साथ ही, पर्व और विशेष अवसरों पर भी इस सुविधा को जारी रखा जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उज्जैनवासियों के हित में जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो उन्हें आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

उज्जैन
रविवार
11
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दुष्टा भार्या शठं मित्रं भृत्यश्चोत्तरदायकः।
ससर्पे गृहे वासो मृत्युरेव न संशयः॥

अर्थः दुष्ट पत्नी, शठ मित्र, उत्तर देने वाला सेवक तथा सांप वाले घर में रहना, ये मृत्यु के कारण हैं इसमें सन्देह नहीं करनी चाहिए।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में एमडी ड्रग के साथ पकड़ाया बदमाश

**इंदौर।** खजराना पुलिस ने टऊड्रग्स के साथ एक बदमाश को पकड़ा। उसके पास से 18 ग्राम टऊड्रग्स मिली, जिसकी कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए है। बदमाश सस्ते दामों में ड्रग्स खरीदकर महंगे दामों में बेचता था। पुलिस के मुताबिक खजराना पुलिस की टीम संदेहियों की तलाश में अलग-अलग स्थानों पर जुटी थी। इसी दौरान स्टार चौराहे के पास सर्विस रोड खजराना पर टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा मिला। टीम जब उसके पास पहुंचने लगी तो वह घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसे घेराबंदी की और उसे पकड़ लिया। उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 18 ग्राम टऊड्रग्स मिली। पकड़ाए आरोपी का नाम मोहम्मद लियाकत खान (45) निवासी तंजीम नगर, खजराना है। आरोपी 12वीं तक पढ़ा लिखा है और कॉस्मेटिक की दुकान पर काम करता है। आरोपी के पास से 1 लाख 80 हजार रुपए कीमत की टऊड्रग्स मिली है। पूछताछ में उसने बताया कि वह नशा करने का आदि है नशे की लत को पूरी करने और जल्दी व आसानी से अमीर बनने की नीयत से ड्रग्स की सप्लाई के काम को अंजाम देता था। पुलिस उससे ओर भी जानकारी निकाल रही है।

### मौसम का हाल:रात में तेज ठंड, दिन में धूप से लोगों को मिली राहत

**इंदौर।** शहर में रात को फिर कंपकंपाने वाली ठंड रही। हालांकि दिन में धूप निकली, जिससे लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम होकर 6.9 डिग्री पर रहा। हाल यह था कि सुबह 8.30 बजे भी 10 डिग्री ही तापमान दर्ज हुआ। वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा रहा। हवा की गति 6 किमी प्रति घंटे की रही, वहीं विजिबिलिटी 1500 मीटर की रही। इधर, प्रदेश में शिवपुरी सबसे ठंडा (4 डिग्री) रहा। इंदौर और पचमढ़ी (6.4) में तापमान लगभग एक जैसा रहा। कोहरे की वजह से कई ट्रेनें भी लेट हुईं। इस बार इंदौर में नवंबर में 84 साल में सबसे ज्यादा ठंड पड़ी तो दिसंबर में 25 साल का रिकॉर्ड टूटा था। जनवरी में भी कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। एक्सपर्ट की मानें तो जनवरी में प्रदेश में न्यूनतम तापमान माइनस में जा चुका है। इंदौर में 16 जनवरी 1935 में पारा माइनस 1.1 डिग्री दर्ज किया गया था। यह ओवरऑल रिकॉर्ड है। वहीं, 27 जनवरी 1990 को दिन का तापमान 33.9 डिग्री रहा था। 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश होने का रिकॉर्ड 6 जनवरी 1920 के नाम है। इस दिन 3 इंच से ज्यादा पानी गिरा था। उस साल पूरे महीने में 4 इंच बारिश दर्ज की गई थी। दिसंबर और जनवरी में प्रदेश में उत्तर भारत से सर्द हवाएं ज्यादा आती हैं, इसलिए तापमान में अच्छी-खासी गिरावट होती है।

### एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे और रिमोट एसएचए के उद्घाटन की तैयारी

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दो परियोजनाओं का उद्घाटन प्रस्तावित है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से सांसद शंकर लालवानी ने इन सुविधाओं के उद्घाटन के लिए इंदौर आगमन का अनुरोध किया है। पत्र में सांसद ने बताया इंदौर एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे की शुरुआत की जा रही है। साथ ही रिमोट स्टैण्ड (सेकंडरी होल्डिंग एरिया) सुविधा विकसित की गई है, जिससे यात्रियों की भीड़ का बेहतर प्रबंधन संभव हो सकेगा।

# इंदौर दूषित पानी से 21वीं मौत

## एक और महिला ने दम तोड़ा, अभी भी 4 मरीज वेंटिलेटर पर, 11 आईसीयू में भर्ती

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से शनिवार को 21वीं मौत हो गई। शनिवार को एक और महिला सुनीता वर्मा पति सतीश (49) निवासी फर्जी वाली गली की मौत हो गई है। महिला को 7 जनवरी को एमवायएच में भर्ती कराया गया था। इसके बाद उसकी हालत लगातार खराब होती चली गई और शनिवार दोपहर को उसने दम तोड़ दिया। महिला के बेटे विकास ने बताया कि दूषित पानी पीने से उसकी मां की किडनी डैमेज हुई थी। रविवार को महिला का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

दूसरी ओर 21 मौतों के बाद अब धीरे-धीरे नए मरीजों की संख्या कम हुई है। इलाज के बाद मरीजों को अस्पताल से डिस्चार्ज भी किया जा रहा है। शुक्रवार को ओपीडी में डायरिया के 15 नए मरीज पहुंचे, जिनमें से दो को भर्ती किया गया। अब तक कुल 414 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए थे, जिनमें से 369 को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है।

फिलहाल 45 मरीज भर्ती हैं। इनमें से 11 मरीज आईसीयू में हैं, जबकि चार मरीज वेंटिलेटर पर हैं। इन गंभीर मरीजों को किडनी और लिवर की समस्या के साथ मल्टी ऑर्गन फेल्योर जैसी जटिलताएं हैं। डॉक्टरों की विशेष टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है। जो चार मरीज करीब एक हफ्ते से वेंटिलेटर पर हैं। उनमें ज्यादातर वृद्ध हैं और कुछ तो कोमॉर्बिड (दूसरी बीमारियां) भी हैं।



इससे पहले शुक्रवार देर शाम अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय नीरज मंडलोई और इंदौर जिले के प्रभारी, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन की विशेष उपस्थिति में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में भागीरथपुरा क्षेत्र की स्थिति की समीक्षा की गई। कमिश्नर डॉ. सुदाम खाडे, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### आज से प्रदेशव्यापी शुद्ध जल अभियान

- मुख्य सचिव मंडलोई और अनुपम राजन ने बताया कि 10 जनवरी से प्रदेशव्यापी शुद्ध जल अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान में शुद्ध जल आपूर्ति पर विशेष ध्यान रहेगा। इसमें सभी जल स्रोतों की जांच, त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई और व्यापक जनजागरूकता को प्राथमिकता दी जाएगी।
- भागीरथपुरा की घटना को चेतावनी मानते हुए पूरे प्रदेश में जल आपूर्ति प्रणाली की सतत समीक्षा की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसे हालात न बनें और नागरिकों को सुरक्षित पेयजल मिल सके।
- मंडलोई ने नगर निगम को निर्देश दिए कि शुद्ध और सुरक्षित जल उपलब्ध कराने के लिए हमेशा तत्पर और सजग रहें। नई रणनीति के तहत शासन-प्रशासन पूरी तरह तैयार है और पूरे प्रदेश में सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

- **इलाज व्यय पर निगरानी:** अस्पतालों में किए गए उपचार का आर्थिक भार किसी भी प्रभावित परिवार पर न पड़े। इसके लिए कलेक्टर स्वयं सतत निगरानी करेंगे। डिस्चार्ज के समय इस बात पर ध्यान दें कि मरीजों से बिल की राशि न ली जाए। अस्पताल प्रबंधन को इससे अवगत कराया जाए।
- **व्यापक स्वास्थ्य जांच:** भागीरथपुरा क्षेत्र में शीघ्र एक व्यापक स्वास्थ्य जांच अभियान प्रारंभ किया जाएगा, ताकि सभी नागरिकों के स्वास्थ्य की समुचित जांच हो सके। जांच में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और अन्य बीमारियों का भी विशेष सर्वे किया जाएगा।
- **कोमॉर्बिडिटी (अन्य बीमारियों) की पहचान और जागरूकता अभियान:** अभियान विश्वास की शुरूआत आमजन का भरोसा बहाल करने के उद्देश्य से की जाएगी। इसके तहत विशेष जनविश्वास अभियान चलाया जाएगा।
- **हर 50-100 घरों पर एक प्रभारी अधिकारी तैनात रहेंगे-** भागीरथपुरा क्षेत्र के लगभग 50 हजार परिवारों को 20-25 जोन में विभाजित किया जाएगा। गठित स्वसहायता समूहों और आवश्यकता के अनुसार नए स्वसहायता समूह गठित कर स्थानीय महिलाओं और आमजन की भागीदारी विकासात्मक तथा कल्याणकारी गतिविधियों में सुनिश्चित की जाएगी। हर 50-100 घरों पर एक प्रभारी अधिकारी तैनात रहेंगे। समूहों द्वारा अस्पताल से डिस्चार्ज मरीजों से लगातार संपर्क, दवाओं की निगरानी और रिलेप्स रोकने पर फोकस रहेगा।
- **मेन पाइपलाइन से जुड़े सभी सरकारी बोरवेल सील-** बैठक में बताया गया कि मेन पाइपलाइन से जुड़े सभी सरकारी बोरवेल सील किए जाएंगे, ताकि किसी भी प्रकार का कंटामिनेशन रोका जा सके। भागीरथपुरा क्षेत्र का ओवरहेड टैंक परीक्षण में सुरक्षित पाया गया है। 13 जनवरी से टंकी के माध्यम से जलप्रदाय फिर शुरू किया जाएगा।
- जल शुद्ध पाए जाने के बावजूद एहतियातन उबालकर पानी पीने की एडवाइजरी जारी रहेगी। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्या के तत्काल निवारण के साथ-साथ स्थायी समाधान के लिए भी ठोस प्रयास किए जाएं।

# इंदौर हादसे के 3 वीडियो... बिजली की तरह दौड़ाई कार

### पूर्व मंत्री की बेटी पिछली सीट से बोनट पर आई सिर डंपर से टकराया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में शुक्रवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा बच्चन (26) समेत 3 की मौत हो गई। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता आनंद कासलीवाल के बेटे प्रखर कासलीवाल (25) और उनके साथी मानसंधु (26) की भी मौके पर ही मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल एक युवती अनुष्का राठी निजी अस्पताल में भर्ती है। हादसे की भयावता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि डंपर की टक्कर से कार में पीछे की सीट पर बैठी प्रेरणा बच्चन उछलकर बोनट पर जा गिरीं, उसका शव बोनट पर ही लटका मिला।

इस भीषण सड़क हादसे के सीसीटीवी फुटेज अब सामने आए हैं। सीसीटीवी कैमरे में दर्ज समय के अनुसार यह हादसा शुक्रवार सुबह ठीक 4 बजकर 54 मिनट 54 सेकेंड पर हुआ है। इनमें तीन 3 फुटेज दिल दहला देने वाले हैं। बिजली की रफ्तार से दौड़ रही कार ठीक से नजर नहीं आ रही है, लेकिन हादसे के पहले उसकी आवाज जरूर सुनाई दे रही हैं। कार घिसटने और डंपर से टकराने की धमाकेदार आवाज सुनाई दे रही है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 130-140 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से कार चला रहा युवक शराब के नशे में था। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। हालांकि, कार की वास्तविक गति कितनी थी, इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, ड्राइवर ने टक्कर से ठीक 6 सेकेंड पहले ब्रेक लगाया था। ब्रेक लगते ही कार घिसटती हुई डंपर से जा टकराई, जिसके बाद जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी।

# लालबाग में बनेगा ओपन थिएटर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के लालबाग में में जून 2025 से शुरू हुए सौंदर्यीकरण के कामों में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने तेजी ला दी है। यहां ओपन थिएटर भी बनना है, जिसे लेकर निविदा जारी कर दी गई है। अब लालबाग का पूरा परिसर भी सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा। अगले साल तक सारे काम यहां पूरे कर लिए जाएंगे। लालबाग के भीतर का काम दिल्ली की आईजीएनसीए के जिम्मे है। ये यहां के पुराने एंटीक्स के संरक्षण के साथ ही फिनिशिंग का काम देख रही है, तो बाहरी कामों के साथ ही कन्वेंशन सेंटर का जिम्मा मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने उठाया है। सिंहस्थ से पहले काम पूरे होने के चलते विभाग ने बाहरी विद्युतीकरण, इल्युमिनेशन, सीसीटीवी और बाहरी म्यूजिक कार्य को लेकर निविदा जारी है।

# यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिन्ना को कहा 'जिन्नाजी'

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर प्रेस क्लब में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने भाजपा और प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा जैसी घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं, लेकिन जिम्मेदारों को कोई परवाह नहीं है।

चिब ने कैलाश विजयवर्गीय के बयानों को गैर-जिम्मेदाराना बताया और मांग की कि उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने महापौर पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने की भी मांग की।



**बोले- विजयवर्गीय को सड़क पर चलने नहीं देना चाहिए, मेयर पर गैर इरादतन हत्या का केस हो**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उदय भानु ने आजादी के संघर्ष में महापुरुषों के नाम गिनाते हुए जिन्ना को जिन्नाजी कहकर संबोधित किया और कहा कि देश की आजादी पूर्वजों के बलिदान से मिली। उन्होंने भाजपा की लापरवाही और जनता की जान की अनदेखी पर कड़ा निशाना साधा।

### पढ़िए उदय भानु चिब का पूरा बयान

उदय भानु ने कहा- अंग्रेजों ने आसानी से नहीं दी थी आजादी...इसमें हमारे पूर्वजों की जान गई थी, उनका बलिदान था। बहुत से नेता जेल गए थे...भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना जी। कितने लोग जेल में रहे और ऐसे हजारों सैकड़ों हैं, जिनके बलिदान के बाद देश को आजादी मिली।

उदय भानु चिब ने भागीरथपुरा मामले में कहा कि इंदौर में इस तरह की घटनाएं पहली बार नहीं हो रहीं। इससे पहले भी भाजपा की लापरवाही के कारण बच्चों और आम लोगों की मौतें हो चुकी हैं, लेकिन भाजपा को अपनी जवाबदेही का कोई एहसास नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के बयानों से साफ झलकता है कि उन्हें जनता की जान की कोई परवाह नहीं है।

कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर निशाना साधते हुए उदय भानु चिब ने कहा कि उनके बयान यह दिखाते हैं कि उन्हें इस पूरे मामले से कोई फर्क नहीं पड़ता। ऐसे लोगों को सड़क पर चलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन भाजपा ने उन्हें मंत्री बना रखा है। उदय भानु चिब ने मांग की कि संबंधित मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। उदय भानु ने कहा की भागीरथपुरा मामले में महापौर पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कैलाश विजयवर्गीय पहले भी इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान दे चुके हैं। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि छह महीनों से लगातार शिकायतें की जा रही थीं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि सोए रहे।

## खबर एक नजर...

### मलखंभ स्पर्धा में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का एसपी ने किया सम्मान

**उज्जैन।** खेलो इंडिया बीच गेम्स के पदक विजेता मलखंभ खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। दीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स के अंतर्गत हुई मलखंभ चैंपियनशिप प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की महिला टीम द्वारा 6 रजत पदक और पुरुष टीम द्वारा 12 कांस्य पदक अर्जित कर राज्य को पदक तालिका में द्वितीय स्थान दिलाया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर शुक्रवार को सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को एसपी शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक भी उपस्थित थे।

### महापौर ने चरक अस्पताल और रैन बसेरों में दिए रूम हीटर

**उज्जैन।** शीतलहर को ध्यान में रखते हुए महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शुक्रवार को चरक अस्पताल एवं नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में पहुंचकर हीटर दिए गए। इस क्रम में चरक अस्पताल के पीआईसीयू (छोटे बच्चों) के वार्ड में 6 नग हीटर दिए। इसी प्रकार निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में भी 4 नग हीटर दिए गए।

### महिला शक्ति सम्मान से सम्मानित हुई डॉ. अनामिका शर्मा

**उज्जैन।** कालिदास अकादमी में अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव आयोजन समिति द्वारा मंच संचालन एवं संगीत क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों को दृष्टिगत रखते हुए सुप्रसिद्ध सेलिब्रिटी एंकर डॉ. अनामिका शर्मा को महिला शक्ति सम्मान से संस्थापक-संयोजक डॉ. महेंद्र यादव एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

दृढ़ इच्छाशक्ति, मजबूत इरादे, चुनौतियों का डटकर सामना करना और सकारात्मक दृष्टिकोण से सब कुछ हासिल किया जा सकता है। यह विचार डॉ. अनामिका शर्मा ने अपनी विकास यात्रा के दौरान मंच से शेयर किये। कार्यक्रम का सफल संचालन ज्वलंत शर्मा ने किया। पूर्व में भी अनामिका शर्मा कई प्रतिष्ठित राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित हो उज्जैन का नाम गौरवान्वित कर चुकी है।



# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से किया गया। ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश यातायात विभाग द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक यातायात सुरक्षा माह तथा प्रतिवर्ष 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसी क्रम में छात्राओं में यातायात नियमों के प्रति सजगता लाने हेतु इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की संयोजक डॉ. कविता जैन मंगलम ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को यातायात नियमों की व्यावहारिक जानकारी देकर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में यातायात थाना भरतपुरी, उज्जैन की सूबेदार श्रीमती आकांक्षा द्विवेदी उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की समझाइश दी। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई। उन्होंने यह महत्वपूर्ण जानकारी भी दी कि सड़क दुर्घटना में किसी घायल की सहायता करने पर सरकार द्वारा 25,000 तक का पुरस्कार दिया जाता है, अतः किसी की मदद करने से डरना नहीं चाहिए।

विशेष अतिथि श्रीमती माया मारोठिया ने छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया और कहा कि स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा करना हमारा नैतिक एवं मानवीय कर्तव्य है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को लाइसेंस बनवाने, यातायात नियमों की पूर्ण जानकारी रखने तथा वाहन चलाते समय सतर्कता बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन ही जीवन की सुरक्षा का सबसे सशक्त माध्यम है।



कार्यक्रम में राकेश चौधरी, महेश अहिरवार (प्रधान आरक्षक, यातायात थाना) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अजय भार्गव, डॉ. महेंद्र जैन, डॉ. अंजना बुंदेला, डॉ. स्मिता दराश्री, डॉ. सरोजिनी टोपनो, डॉ. रूपा भावसार, मोनिका परमार, मीरा यादव, योगिता खटके, भावना नागर , डॉ पूजा साहू सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कविता मंगलम ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. महेंद्र जैन द्वारा किया गया।

# खिलाड़ी राष्ट्र के वैभव के मणि मुक्तक हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दृढ़ संकल्प, समर्पण, अनुशासन ही खिलाड़ी को सफलता के शिखर तक ले जाते हैं। खिलाड़ी देश की शक्ति, सम्मान, वैभव एवं प्राण होते हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की ताकत होती है। किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र गुरुजनों का आशीर्वाद, तकनीकी महत्व एवं असफलता के बाद भी हौसला कायम रखना है।

उक्त उद्गार नगर पालिका निगम के अपर आयुक्त आई ए एस अधिकारी संतोष टैगोर ने स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र तरण ताल पर आयोजित खिलाड़ी अभिनंदन समारोह में खिलाड़ियों में उत्साह का संचार करते हुए व्यक्त किये। अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन प्रेम सिंह यादव ने की। सूत्रधार शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके थे। इस अवसर पर संतोष टैगोर का शाल, श्रीफल, पगड़ी द्वारा विशिष्ट अभिनंदन पूर्व मिस्टर इंडिया जितेंद्र सिंह कुशवाह, जय सिंह यादव, कमल नंदवाना, आनंद सोलंकी, अभिषेक सिंह राठौड़, आकाश सिंह परिहार ने किया। खेल अभिनंदन समारोह में बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर वेस्टर्न इंडिया एवं मिस्टर मध्य प्रदेश खिताब धारी कमलेश चांगल, मध्य प्रदेश में गोल्ड मेडलिस्ट वसीम खान, समीर अंसारी एवं पावरलिफ्टिंग में मीनाक्षी कनकने अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर मयंक जोशी, प्रिंस परिहार, दिलीप गहलोत का स्मृति चिन्ह प्रदान कर खेल अभिनंदन किया गया। तैराकी में 10 किलोमीटर में गोल्ड मेडलिस्ट अविनाश टाटावत का भी विशिष्ट अभिनंदन किया गया। आभार सुजल बामनिया ने व्यक्त किया।




### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई लट्ठबाजी, आधा दर्जन से अधिक घायल

शाजापुर। पुरानी रंजिश और राजीनामा न होने की बात को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में जमकर लट्ठबाजी हो गई। इस घटना में दोनों पक्ष के करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार विवाद शनिवार सुबह करीब 11.50 बजे शुरू हुआ जो दोपहर 12.10 बजे तक जारी रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हनुमान मंदिर के समीप दोनों गुटों के लोग इकट्ठा हुए और देखते ही देखते गाली-गलौज मारपीट में बदल गई। विवाद को लेकर एक पक्ष से जमील खां पिता हकीम खां ने पुलिस को बताया कि आरोपी पुराने विवाद में जबरन राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने लट्ठ और डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में जमील खां, शकील, शरीफ, सलीम, रहीम, सईद और हमीद को चोटें आई हैं। सभी का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। वहीं दूसरे पक्ष के जाकिर का आरोप है कि पुरानी दुश्मनी के चलते दूसरे गुट ने उन्हें घेरकर मारपीट की। इस संघर्ष में जाकिर, उनके जमाई जाफर, रईस और मुकरम के सिर, आंख और हाथ-पैर में फ्रैक्चर और चोटें आई हैं। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज किया है।

# मध्य प्रदेश ज्ञान सभा का आयोजन इंदौर में होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली द्वारा आगामी 28-29 जनवरी को इंदौर में मध्य प्रदेश ज्ञान सभा का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर मध्य प्रदेश ज्ञान सभा का आयोजन श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, इंदौर एवं मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में होगा।

यह जानकारी देते हुए न्यास के क्षेत्रीय संयोजक प्रचार प्रसार डॉ जफर महमूद ने बताया कि श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय परिसर राज मोहल्ला में आयोजित दो दिवसीय मध्य प्रदेश ज्ञानसभा के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ मनमोहन वैध उपस्थित रहेंगे।

ज्ञान सभा का प्रथम दिवस मध्यप्रदेश में विद्यालयीन शिक्षा पर केंद्रित रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, कौशल आधारित शिक्षण, विकसित भारत के परिपेक्ष में विद्यालयीन शिक्षक विद्यार्थी, पालक और समाज की भूमिका तथा शिक्षा में मातृभाषा के समावेश पर मंथन होगा। ज्ञानसभा के दूसरे दिवस मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, उच्च शिक्षा में अनुसंधान नवाचार एवं उद्यमिता, वैश्विक प्रतिस्पर्धा हेतु छात्र तैयारी एवं उच्च शिक्षा को व्यावहारिक एवं व्यवसायिक स्वरूप प्रदान करना विषय पर विचार विमर्श किया जाएगा। मध्य प्रदेश ज्ञानसभा के मुख्य संरक्षक के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुल कोठारी, श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पुरुषोत्तम दास पसारी, मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग भोपाल के सभापति प्रो खेमसिंह डहेरिया का सानिध्य प्राप्त रहेगा।

मध्य प्रदेश ज्ञानसभा के सुचारू आयोजन के लिए विभिन्न समितियां का गठन किया गया है। रामसागर मिश्र, डॉ दिनेश दवे, सुनील पण्ड्या एवं डॉ सुप्रज्ञ ठाकुर को समन्वयक बनाया गया है। आयोजन समिति की बैठक श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में न्यास की राष्ट्रीय पदाधिकारी शोभा पैठनकर, डॉ राकेश ढांड, रामसागर मिश्र, सुनील पंड्या, डॉ जफर महमूद, डॉ नीरज सारवान, डॉ सुप्रिज्ञ ठाकुर, योगेश रघुवंशी, दीपक यादव, यशवंत सिंह गोयल, तरुण पंचोली, श्रीराम यादव, डॉ आशीष चौहान, डॉ नवनीता उपाध्याय, डॉ सुप्रिया व्यास, डॉ अनु उकांडे, डॉ दीपिका हसीजा, डॉ संतोष पटेल, डॉ अमित कुकरेजा उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### आध्यात्म योगी के मंगल प्रवचन 12 व 13 को

मन्दसौर। नयापुरा स्थित श्री आदिनाथ जैन मंदिर दादावाड़ी में 12 व 13 जनवरी को प्रातः 9.15 बजे से श्री आदिनाथ जैन मंदिर दादावाड़ी, नयापुरा, मन्दसौर पर भव्य मंगल प्रवचनों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी श्री महेन्द्र सागरजी म.सा. एवं श्री मनीषसागरजी म.सा. आदि ठाणा-16 का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष अभय चौरड़िया एवं खरतरगच्छ श्री संघ, मन्दसौर अध्यक्ष यशवंत पोखरना ने इन मंगल प्रवचनों में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### पीएम श्री हाई स्कूल की 1.92 हे. भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई

**मन्दसौर।** जिला प्रशासन द्वारा तहसील शामगढ़ स्थित पीएम श्री हाई स्कूल बघुनिया को आबंटित कुल 1.92 हेक्टेयर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर शिक्षा विभाग को मौके पर विधिवत कब्जा सौंपा गया। गरोठ एसडीएम राहुल चौहान ने बताया कि उक्त अतिक्रमित भूमि का बाजार मूल्य लगभग 30 लाख रुपये आंका गया है। अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त सहयोग से की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से शासकीय भूमि को संरक्षित कर शैक्षणिक उपयोग हेतु सुरक्षित किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### 60.480 बल्क ली. शराब जप्त, दो युवक गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र के नांदवेल बेहपुर रोड़ पुलिया के पास बेहपुर पर पुलिस ने दो युवकों को अवैध रूप से देशी शराब को परिवहन करते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 60.480 बल्क लीटर देशी मशाला शराब जप्त की।

# स्व. श्रीमती मथुरा देवी वट स्मृति सारस्वत सम्मान समारोह सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



स्थानीय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में स्व. श्रीमती मथुरा देवी वट स्मृति सारस्वत सम्मान समारोह का आयोजन मन्वन्तर परिवार, शब्द डॉट कॉम, संत बालीनाथ शोध संस्थान एवं मेमोरियल सोसायटी तथा मध्य प्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन, उज्जैन इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम संस्कृति, साहित्य, अध्यात्म, कबीर व संगीत को समर्पित रहा। मुख्य अतिथि कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे तथा विशेष अतिथियों में उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल, वरिष्ठ पत्रकार नीलमेघ चतुर्वेदी, डॉ. सोनाली सिंह नरगुंदे, प्रो. डॉ. अरुण वर्मा, साहित्यकार श्रीराम दवे एवं आकाशवाणी उज्जैन के प्रसारण अधिकारी सौरभ अवस्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यश वट ने किया एवं संयोजन श्री रामचरण वट प्रेमी व प्रांशु वट का रहा। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सृजन जीवन की निरंतर प्रक्रिया है तथा संस्कृति व अध्यात्म मानव के संस्कारों में रचे-बसे होते हैं। परिजनों की स्मृति में संस्कृति कर्मियों का सम्मान समाज के प्रति दायित्वबोध का श्रेष्ठ उदाहरण है, जिसे वट परिवार विगत 19 वर्षों से निभा रहा है। कार्यक्रम में कु. नव्या वट के नृत्य तथा कु. स्नेहा गेहलोत एवं प्रफुल्ल हरणे ग्रुप की संगीतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को सूफी और कबीरमय बना दिया। इस अवसर पर डॉ. सुनील चतुर्वेदी, अभिनेता दिलीप अकोदिया, क्षितिज पंवार, अनुराग तिवारी, महिला उद्यमी मौनिषा छाबड़ा, लोकगायक रंजीत अखंड एवं डॉ. गीता नायक को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में रामचंद्र गांगुलिया अक्षय अमेरिया, श्रीमती रीना मेड़ा, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चलती पिकअप का टायर निकलने से पलटा वाहन, सड़क पर बिखरीं टाइल्स

**शाजापुर।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र में देररात एक सड़क हादसा हुआ, हालांकि गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। सुनेरा ब्रिज के पास एक लोडिंग पिकअप वाहन का अचानक टायर निकल जाने से वह अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के वक्त वाहन में भारी मात्रा में टाइल्स लदी हुई थीं, जो पलटने के बाद सड़क पर बिखर गईं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार रात करीब 11 से 12 बजे के बीच की है। पिकअप वाहन इंदौर से टाइल्स भरकर राजगढ़ जिले की ओर जा रहा था। वाहन में करीब 110 से अधिक टाइल्स की पेटियां मौजूद थीं। जैसे ही वाहन सुनेरा ब्रिज के समीप पहुंचा, उसका एक टायर निकल गया, जिससे चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और पिकअप सड़क पर पलट गई।

### पुलिस ने सुचारू करवाया यातायात

हादसे की सूचना मिलते ही सुनेरा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। सड़क पर टाइल्स बिखरने और वाहन के पलटे होने के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए सड़क पर बिखरी सामग्री को हटवाया और वाहन को किनारे करवाकर यातायात को पुनः सुचारू किया। इस घटना में चालक या किसी अन्य व्यक्ति को चोट नहीं आई है।

# विद्यार्थियों को बताया सनातन धर्म का विज्ञान

### मीरा बेसिक एजुकेशन एंड रिसर्च एकेडमी का हुआ वार्षिकोत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मीरा बेसिक एजुकेशन एंड रिसर्च एकेडमी, गोपालधाम अंकपात मार्ग का वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन महानगर के संघ चालक योगेश भार्गव, विशिष्ट अतिथि उज्जैन जिला साक्षरता परियोजना समन्वयक संजय शर्मा रहे। अध्यक्षता संचालिका निशा त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर योगेश भार्गव ने अंग्रेजी कैलेंडर एवं हिन्दू कैलेंडर के विषय में छात्रों को जानकारी दी तथा सनातन धर्म के विज्ञान के बारे में बताया कि किस प्रकार चंद्रमा की गति से परिक्रमण में अधिक मास आता है एवं विश्व में हमारा धर्म सर्वश्रेष्ठ क्यों है।

संजय शर्मा ने बताया कि मेरे द्वारा इस विद्यालय की प्रथम मान्यता दी गई थी वर्तमान परिदृश्य में विद्यालय स्टॉफ एवं बच्चों में सीखने का जुनून है वह अद्वितीय है तथा संस्थापक आज के परिदृश्य में जो बच्चों के लिए रिसर्च के क्षेत्र में लगातार परिश्रम कर रहे है वह आज के युग में अनुकरणीय है।

संस्था संस्थापक दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि विगत 45 वर्षों से संस्था शहर के लोगों के सहयोग से कार्य कर रही है ये उनका विश्वास ही है जो आज भी हम राष्ट्र के कई क्षेत्रों में हमारे विद्यार्थियों को समर्पित कर रहे है। चाहे वह आईआईटी चिकित्सा राजस्व विज्ञान परमाणु अनुसंधान सेना पुलिस राजस्व बैंकिंग आदि क्षेत्रों में हजारों विद्यार्थी कार्यरत है। अध्यक्ष निशा त्रिपाठी ने कहा कि आपसी सहयोग एवं मनोवृत्ति समझने से ही परिवार एवं संस्था चलती है समाज चलता है।

# नाकोड़ा दरबार का चांदी आगी अर्पण महोत्सव

### नाकोड़ा दरबार मंडल द्वारा किया जाएगा दो दिवसीय आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन नाकोड़ा दरबार मंडल द्वारा विगत 18 वर्षों से उज्जैन शाखा द्वारा मंदिरों में सोने और चांदी की आगी, भगवान की पिछवाई, चांदी की थाली, दीपक, मंगल दीपक, भेरूजी महाराज की मुकुट अर्पण किया गया। इस तरह इस वर्ष पुनः 17-18 जनवरी को नाकोड़ा दरबार मंडल लालबाग मुम्बई शाखा उज्जैन द्वारा दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

अध्यक्ष सुनील जैन, सचिव प्रमोद जैन ने बताया कि 17 जनवरी शनिवार को मनोरमा गार्डन अरविंद नगर में भव्य भक्ति का आयोजन किया जाएगा। जिसमें युवा संगीतकार वैभव सोनी नाथद्वारा के पार्श्वनाथ भगवान ओर नाकोड़ा भैरूजी की भक्ति करेंगे। 18 जनवरी को सुबह 9 बजे भव्यातीभव्य वरघोड़ा ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट केसरिया तीर्थ खाराकुआं से प्रारंभ होकर दानीगेट श्री अवंती पार्श्वनाथ मंदिर पर पहुंचेगा। यहां सम्पूर्ण लाभार्थियों द्वारा बनाई गई भगवान अवंती पार्श्वनाथ भगवान की चांदी की आंगी अर्पण की जाएगी। उपरोक्त दो दिवसीय कार्यक्रम में समस्त नाकोड़ा दरबार मंडल के पदाधिकारी और सदस्य गण बड़े ही उत्साह से कार्यक्रम को सफल बनाने जुड़े हुए है। संस्था के उपाध्यक्ष संजय संघवी, रूपेश नाहर, सचिव अनिल जैन, सह सचिव नेमीचंद जैन, राजीव जैन कोषाध्यक्ष, अनिल जैन सचिव, संजेन्द्र खरात सहसचिव, मुकेश मुनोत, संजय जैन (जैन ज्वेलर्स), ब्रजेश जैन, चिदरूप गर्ग, धर्मेंद्र जैन, विनय जैन, अशोक जैन हरणीया, पंकज जैन, पंकज कोठारी, दीपेश जैन, शेलेन्द्र जैन, सोनू जैन, हेमंत पावेचा, संदीप वया, दिव्यांश जैन, आदित्य राज मुनोत, हर्षवर्धन जैन, अभिषेक जैन, प्रनीत जैन, सिद्धार्थ जैन, निहाल जैन, गौतम संघवी ने सभी नाकोड़ा भक्तों को 17-18 जनवरी को आयोजन में सहभागिता करने तथा भक्ति करने का अनुरोध किया है।

# उज्जैन की 40 बस्तियों में आज विराट हिन्दू सम्मेलन

### हिन्दू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ होंगे सम्मेलन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




हिन्दू समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उज्जैन महानगर की विभिन्न बस्तियों में आज रविवार, 11 जनवरी 2026 को विराट हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। महानगर के 7 नगरों की कुल 40 बस्तियों में आयोजित होने वाले इन सम्मेलनों में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बौद्धिक सत्र तथा सहभोज का भी आयोजन होगा।

संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज में विशेष उत्साह का वातावरण है, जिसे इन हिन्दू सम्मेलनों के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाएगा। जिला आयोजन टोली, हिन्दू सम्मेलन उज्जैन ने समस्त हिन्दू समाज से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर आयोजनों को सफल बनाने की अपील की है। सम्मेलनों के अंतर्गत बच्चों, मातृशक्ति और युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं, भजन मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, बौद्धिक सत्र, पुरस्कार वितरण एवं सहभोज का आयोजन किया गया है। आयोजकों का कहना है कि इन कार्यक्रमों से समाज में सांस्कृतिक मूल्यों और एकता की भावना को बल मिलेगा।

केशव नगर क्षेत्र की 11 बस्तियों में सम्मेलन आयोजित होंगे। क्षिप्रा, वीर दुर्गादास, गोपाल मंदिर, रामानुजकोट, हरसिद्धि और चारधाम बस्ती में प्रातः 10 बजे सम्मेलन होंगे। राजाभाऊ महाकाल बस्ती में प्रातः 10:30 बजे, जयसिंहपुरा, अहिल्या, रानी लक्ष्मीबाई और डाबरीपीठा बस्तियों में प्रातः 11 बजे सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। विक्रमादित्य नगर क्षेत्र में मातागुजरी बस्ती में प्रातः 10:30 बजे, सांदीपनी, हीरामिल और तिलक बस्ती में प्रातः 10 बजे सम्मेलन होंगे। क्षीरसागर क्षेत्र में भी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मधुकर नगर क्षेत्र में इंदिरा नगर, रवींद्रनाथ, मारुति और महावीर बस्तियों में प्रातः 10:30 बजे एक साथ विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सुदर्शन नगर की रामरामेश्वर बस्ती में प्रातः 10:30 बजे सम्मेलन होगा। माधव नगर के लक्ष्मीनगर, सेठीनगर, वाघेश्वरी और शंकरपुर बस्तियों में प्रातः 10 बजे हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। राजेंद्र नगर क्षेत्र की पुष्कर, शास्त्री नगर, संत बालिनाथ, अलखधाम, संत नगर, ऋषि नगर, वेद नगर और विद्यापति बस्तियों में प्रातः 10 बजे सम्मेलन होंगे, जबकि नानाखेड़ा बस्ती में प्रातः 11 बजे आयोजन किया जाएगा। कालिदास नगर अंतर्गत महामृत्युंजय बस्ती में प्रातः 10 बजे, महाकाल बस्ती में प्रातः 11 बजे, अभिलाषा और महालक्ष्मी बस्तियों में प्रातः 10:30 बजे सम्मेलन होंगे। नागझिरी क्षेत्र में सायं 4 बजे सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# प्रतिबंधित मांजे के पांच गट्टे जब्त

मंदसौर। स्थानीय धानमण्डी महाजन मोहल्ला में एक युवक के कब्जे से प्रतिबंधित चायनीज मांझा के पांच गट्टे कीमत 4 हजार रुपये के जप्त किये। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम मंदसौर कोतवाली पुलिस ने यह कार्यवाही की। आरोपी राकेश (38) पिता सज्जनलाल जैन निवासी महाजन मोहल्ला को पुलिस ने श्रीमान जिला दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लंघन कर चायनीज मांझा (डोर) के गट्टे बेचते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच गट्टे जब्त कर उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 223 ए में प्रकरण दर्ज किया।

### श्री अजित गांग का निधन

**नीमच।** जिला केमिस्ट एसोसिएशन,नीमच के पूर्व अध्यक्ष तथा अंशित गांग के पिताजी एवं जियांश, वेदशी के दादाजी, श्री अजीत कुमार गांग (मामा) का निधन शनिवार 10 जनवरी को हो गया है उनकी अंतिम यात्रा विकास नगर नीमच से निकली जिसमे बड़ी संख्या मे समाजजन, दवा व्यवसायी तथा शहर के गणमान्य लोगों ने सम्मिलित होकर शोक सभा में श्रद्धासुमन अर्पित किए। लंबे समय तक केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे, स्व अजीत गांग पिछले कुछ समय से अस्वस्थ होने से, उपचाररत होकर सर्जरी करवा कर लौटे थे।

## खबर एक नजर...

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव का मार्गदर्शन

**सुसनेर।** नवीन बस स्टैंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को योगाचार्य हरीश कुमार श्रीवास्तव, सदस्य मध्य प्रदेश योग आयोग एवं आगर रत्न का विद्यालय आगमन हुआ। कार्यक्रम प्रबंध समिति के सचिव अशोक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। योगाचार्य श्रीवास्तव ने समस्त आचार्य परिवार को योग विषय पर संबोधित करते हुए योग क्रियाओं के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग न केवल आचार्य परिवार के लिए बल्कि भैया-बहनों के लिए भी अत्यंत उपयोगी है तथा नियमित अभ्यास से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य सुनील सोनी ने अतिथि का परिचय एवं स्वागत किया। जबकि वरिष्ठ आचार्य निर्मल जैन एवं जितेंद्र कुशवाहा ने सहभागिता निभाई।

### हिंदू महासम्मेलन के लिए घर-घर जाकर पीले चावल के साथ दिया निमंत्रण

**कानड़।** नगर में होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही है। इस महासम्मेलन में मातृशक्ति और संत और वक्त का मंच भी उपस्थित होंगे हिंदू जागरण की दिशा और नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विशाल हिंदू महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सनातनी बंधुओ के घर जाकर व पीले चावल के साथ में हिंदू सम्मेलन के सह परिवार आने के लिए निमंत्रण पत्र देने का कार्य हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के सदस्य द्वारा दिए जा रहे हैं।कानड़ मंडल के अंतर्गत चांनदगांव, बीजनाखेड़ी , पचलाना, कुंडला खुर्द, इन मंडल में निमंत्रण और पीले चावल के साथ हिंदू महा सम्मेलन में शामिल होन का निमंत्रण दिए गए हैं। पहला 11 जनवरी को होने वाला हिंदू सम्मेलन जो चांनदगांव व हनुमान मंदिर बटावदा मे होने जा रहा है। वही कानड़ नगर की माधव बस्ती में 18 जनवरी 2026 वही 25 जनवरी को केशव बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है।

# सरकारी तालाब पर दबंगों का कब्जा, प्यासी फसलों को बचाने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसान

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

शासकीय संसाधन जब रसूखदारों की जागीर बन जाएं, तो आम आदमी की उम्मीदें दम तोड़ने लगती हैं। कुछ ऐसा ही मंजर शाजापुर के सिहोदा-खेड़ा गांव में देखने को मिल रहा है। जहां सरकारी बांध के पानी को लेकर दबंगई इस कदर हावी है कि किसानों की लहलहाती गेहूं की फसल अब प्यास के कारण दम तोड़ रही है। शनिवार को न्याय की आस में सैकड़ों किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी व्यथा एसडीएम मनीषा वास्कले के सामने रखी।

ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि गांव के कुछ रसूखदारों ने सरकारी बांध के गेटों पर अपना अवैध नियंत्रण कर लिया है। सिंचाई विभाग द्वारा करोड़ों की लागत से बनाया गया यह बांध, जो सभी किसानों के खेतों की प्यास बुझाने के लिए था, अब केवल चंद लोगों की पसंद-नापसंद का गुलाम बनकर रह गया है। किसानों ने कहा कि जब वे अपनी फसलों की सिंचाई के लिए पानी मांगने जाते हैं, तो उन्हें गाली-गलौज कर डराया-धमकाया जाता है।

विवाद इतना बढ़ा कि पूर्व में राजस्व अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा था। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने साफ हिदायत दी थी कि बांध के जल पर गांव के हर किसान का बराबर अधिकार है, लेकिन दबंगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने प्रशासनिक आदेशों को ठेंगे पर रख दिया है। बांध में पर्याप्त पानी होने



के बावजूद गेटों को बंद रखना किसानों की मेहनत के साथ सीधा खिलवाड़ है।

### सवालों के घेरे में व्यवस्था, फसल सूखेगी या मिलेगा हक?

सैकड़ों एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल को इस वक्त पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है। किसानों का कहना है कि अगर अगले 2-3 दिनों में सिंचाई नहीं हुई, तो उनकी सालभर की कमाई मिट्टी में मिल जाएगी। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि जल वितरण में बाधा डालने वाले दबंगों पर तत्काल प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हो और प्रशासनिक देखरेख में बांध के गेट खुलवाए जाएं। सिंचाई के लिए पुलिस या राजस्व बल की तैनाती की जाए ताकि विवाद की स्थिति न बने।

### दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में दंपती सहित तीन घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**शाजापुर।** सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर को गुलाना तहसील के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना में राहुल पिता नारायण, कुंताबाई और उनके पति बलवान सिंह घायल हो गए। राहुल गुलाना से बोलाई स्थित हनुमान मंदिर दर्शन के लिए निकले थे। वहीं, कुंताबाई और बलवान सिंह गुलाना से सारंगपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 12.30 बजे तहसील कार्यालय के समीप दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

# अभिभाषक संघ अध्यक्ष चौहान एवं पदाधिकारियों का पत्रकार संघ ने किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› सुसनेर

अभिभाषक संघ कार्यालय पर हाल में मनोनीत हुए अभिभाषक संघ सुसनेर के नवनियुक्त अध्यक्ष वरिष्ठ अभिभाषक भूपेंद्रसिंह चौहान, सचिव पूरसिंह सिसोदिया, कोषाध्यक्ष दीपक सक्सेना एवं पदाधिकारियों का पत्रकार संघ की और सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया। पत्रकारों ने साफा बांधकर एवं फूलमालाओं से स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम संबोधित करते हुए नवनियुक्त अभिभाषक संघ अध्यक्ष भूपेंद्रसिंह चौहान ने कहा कि अभिभाषक संघ और पत्रकार संघ दोनों गैर राजनीतिक संगठन हैं और दोनों ही जनता ओर समाज के हित में कार्य करता है। पत्रकार संघ कलम के माध्यम से संघर्ष करके आम जनता को न्याय दिलाता है अभिभाषक गण न्यायालय में संघर्ष करके आम जन को न्याय दिलाने का प्रयास करता हैं। कार्यक्रम को वरिष्ठ हाईकोर्ट अधिवक्ता श्याम मुराली बांगड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि अभिभाषक संघ सुसनेर का इतिहास रहा है कि यहां 45 सालों से अधिक समय से कभी चुनाव नहीं हुए। हमेशा सुसनेर अभिभाषक संघ का अध्यक्ष निर्विरोध ही सभी की सहमति से चुना जाता है। अभिभाषकों और पत्रकारों का आजादी की लड़ाई में भी बड़ा महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग रहा है। परन्तु आज अभिभाषक हड़ताल या कलम नहीं चला सकते पर पत्रकार स्वतंत्र है। अंत में आभार वरिष्ठ एडवोकेट अशोक चावड़ा ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक राणा चितरंजनसिंह, देवराज बैरागी, गजेन्द्रकुमार बंजारिया, राणा दशरथसिंह, जयनारायण सोलंकी, समाजसेवी आशिक हुसैन बोहरा, तनुजा सातपुते सहित अभिभाषक व पत्रकार गण उपस्थित थे।

# जगद्गुरु श्री रामानन्दाचार्यजी के प्राकट्य महामहोत्सव में निकली शोभायात्रा

### स्वामी श्री के विग्रह का पूजन दिव्य महाभिषेक के साथ हुए सन्तों के आर्शीवचन

### महामहोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली जुड़े

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अनन्त श्री विभूषित श्री आचार्य सम्राट जगद्गुरू स्वामी श्री रामानन्दाचार्य जी महाराज के 726वें जयन्ती महोत्सव में शनिवार सुबह समस्त वैष्णव सम्प्रदाय के संत महन्त महामण्डलेश्वर एवं वैष्णव बैरागी



समाजजनों द्वारा भव्य शोभायात्रा गोपाल मंदिर से निकाली गई जो विभिन्न मार्गों से होती हुई रामानंदाचार्य चौक (खाकचौक) पहुंची।

महंत काशी दास जी महाराज, राघवेंद्र दास जी महाराज एवं महंत विशाल दास जी ने बताया कि शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, हैरत अंगेज कला का प्रदर्शन करते बच्चों के साथ बग्गी में सवार संत महंत शामिल हुए। धर्म की धरा उज्जैनी में संतों की शोभायात्रा से माहौल सिंहस्थमयी हो गया। शोभायात्रा गोपाल मंदिर से कंठाल, तेलीवाड़ा, बुधवारिया, अंकपात होते हुए रामानंदाचार्य चौक (खाकचौक) पहुंची। जहां स्वामी श्री के विग्रह का पूजन एवं दिव्य महाभिषेक के साथ सन्तों के आर्शीवचन हुए। महामहोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली जुड़े तथा संबोधित करते हुए कहा कि सिंहस्थ की तैयारी में पूरी सरकार लगी है, सिंहस्थ महापर्व को भव्य और दिव्य बनाने का काम सरकार कर रही है। मुख्य अतिथि महंत विनीत गिरी जी महानिवार्नी अखाडा, महंत मंगल दास जी नया उदासीन अखाडा, रामानुजकोट के पीठाधीश्वर रंगनाथाचार्यजी महाराज, महंत महावीर नाथ जी ऋणमूकतेश्वर मंदिर, मनोहर बैरागी, निर्मल अखाड़े के महंत गुरूवेंद्रसिंह जी, वैष्णव समाज धर्मशाला समिति अध्यक्ष ओम बैरागी, सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष रामेश्वर बैरागी, पूर्व मंत्री योगेंद्र महंत आदि रहे। अध्यक्षता श्री महन्त डॉ. रामेश्वरदास जी महाराज अध्यक्ष, रामादल अखाड़ा परिषद ने की। इस अवसर पर सवार्नुमति से प्रस्ताव पास किया गया कि चौराहे का नाम श्री रामानंदाचार्य चौक किया जाए एवं आगर रोड़ की ओर भव्य श्रीरामानंदाचार्य द्वार का निर्माण किया जाए। शीघ्र ही यह प्रस्ताव स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेज दिया गया है। महामहोत्सव में श्री रामादल अखाड़ा परिषद एवं समस्त वैष्णव बैरागी समाजजन शामिल हुए। दोपहर में प्रसादी भण्डारा का आयोजन हुआ।

# हिंदी ही जन जन की भाषा है- शशांक दुबे

### प्रेमचंद सृजन पीठ ने मनाया विश्व हिंदी दिवस

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आज हिंदी ही बातचीत का मुख्य माध्यम है और हिंदी ही जन जन की भाषा है। आप अंग्रेजी में कितनी ही पढ़ाई कर लें मगर व्यावहारिक रूप से दैनिक जीवन में सिर्फ हिंदी भाषा ही काम आएगी। हिंदी फिल्मों ने भी हिन्दी भाषा को लोकप्रिय बनाने में अतुलनीय योगदान दिया है और वैश्विक फिल्मों से इतर हमारी फिल्मों के हिन्दी गाने और संवाद महत्वपूर्ण रहे हैं। हमारी फिल्मों के गीत विश्व में लोकप्रिय हुए हैं।

ये विचार प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा विश्व हिंदी दिवस पर भारतीय ज्ञानपीठ महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में




वरिष्ठ साहित्यकार और ख्यात फिल्म समीक्षक शशांक दुबे ने, ह्यवैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिन्दीह्य विषय पर अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किये। प्रमुख वक्ता वरिष्ठ कवि और साहित्यकार दिनेश दिग्गज ने कहा कि सम्पर्क भाषा केवल हिंदी ही हो सकती है। अब यह देश की नौनिहाल पीढ़ी का दायित्व है कि वह हिंदी भाषा को अपनाएं। हमारी भाषा भूषा पर आक्रमण कर हिन्दी ही नहीं हमारी संस्कृति को कमजोर किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई शिक्षा नीति को प्रदेश में सर्वप्रथम लागू कर हिन्दी को बढाने का यशस्वी कार्य किया है। विषय प्रवर्तन करते हुए प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने कहा कि कलम के सिपाही, उपन्यास सम्राट प्रेमचंद ने हिन्दी की अप्रतिम सेवा की है, उनका स्मरण जरूरी है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से अपने हस्ताक्षर हिन्दी में करने की शुरूआत करने का आह्वान भी किया। अतिथियों ने माँ सरस्वती और प्रेमचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप आलोकन कर आयोजन का शुभारम्भ किया। अतिथि स्वागत प्राचार्य डॉ अर्चना श्रीवास्तव, वरिष्ठ कवि सुगनचंद जैन, लघुकथाकार संतोष सुपेकर, हास्यकवि सुरेन्द्र सर्किट आदि ने किया। आयोजन में भारतीय ज्ञानपीठ के निदेशक संदीप कुलश्रेष्ठ, जनसंपर्क पूर्व संयुक्त संचालक डॉ चंदर सोनोने, वरिष्ठ कवि अशोक भाटी, कवयित्री संगीता तल्लेरा आदि उपस्थित थे।

# फरियादी की निशानदेही और पुलिस की तत्परता से दो आरोपी गिरफ्तार

शाजापुर। शहर के गिरवर इलाके में गोदाम में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार घटना 8 जनवरी 2026 की रात करीब 8 बजे की है। कसेरा बाजार निवासी फरियादी संतोष कसेरा 46 अपने दोस्त पवन गुर्जर के साथ अपने गोदाम (हेड ऑफिस) पर सामान रखने पहुंचे थे। जैसे ही वे गेट पर खड़े थे, अंदर से कुछ बर्तन गिरने की आवाज आई। संतोष को शक हुआ और उन्होंने तुरंत अपने दोस्त पवन को आवाज लगाई। जैसे ही दोनों ने गोदाम का गेट खोला, सामने का मंजर देख दंग रह गए। दो युवक गोदाम के रोशनदान से कूदकर भाग रहे थे। हालांकि, फरियादी ने भागते हुए दोनों युवकों को पहचान लिया। ये कोई और नहीं, बल्कि संदीप मालवीय और हेमंत परिहार थे। संतोष और पवन ने उनका पीछा भी किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी रफूचक्कर हो गए। चोरों के भागने के बाद जब संतोष कसेरा ने गोदाम के अंदर झांका, तो वहां रखा कंप्यूटर (मॉनिटर), सीपीयू, की-बोर्ड, छत के 5 पंखे और लोहे की खिड़की-रेलिंग गायब थी। चोरों ने गोदाम की लोहे की खिड़की तोड़कर करीब 50,000 रुपये के मशरूका पर हाथ साफ किया था। घटना के बाद फरियादी संतोष कसेरा ने तुरंत लालघाटी थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बिना वक्त गंवाए कार्रवाई शुरू की। चूंकि फरियादी ने आरोपियों को पहचान लिया था, ऐसे में पुलिस ने तुरंत घेराबंदी की और नामजद आरोपी संदीप और

## खबर एक नज़र...

### श्रीमती कृष्णा गुरगेला का सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

**खिलचीपुर।** दिनेश चंद्र गुरगेला सेवानिवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी की धर्मपत्नीश्री मति कृष्णा गुरगेला सहायक शिक्षिका एवं ब्लॉक अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस खिलचीपुर की सेवा निवृत्त शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय सोमवारिया खिलचीपुर के अवसर पर उनके पारिवारिक स्वजन सहकर्मियों केसाथ ही शिक्षक कांग्रेस जिला राजगढ़ की कार्यकारिणी द्वाराएक समारोह शाह की बगीची खिलचीपुर में स्व रूचि भोज/भजन संध्या में सहभागी महेश श्रीवास्तव (संरक्षक)कंवर लाल धाकड़, देवेन्द्र पारीख, भानु प्रकाशसिंह, शंकरलाल धाकड़ अशोक कुमार, भेरूलाल पोटर, भावना जायसवाल, साना खान, नौशाद खान आदि सम्मिलित हुए।

### शासकीय स्कूल भीलवाड़िया मे लगा स्वास्थ्य कैंप

**ब्यावरा।** शासन के निर्देश अनुसार स्वस्थ्य विभाग की आरबीएस टीम से डॉक्टर भानसिंह, एएनएम रेवती लोधा, सहायक देवराज वर्मा ने स्कूल के करीब 60 से अधिक छात्र छात्राओ के स्वास्थ्य परीक्षण और हीमोग्लोबिन का टेस्ट किया, हीमोग्लोबिन की कमी वाले स्टूडेंट्स को फोलिक एसिड की टेबलेट वितरित की एंव प्राकृतिक रूप भोजन के माध्यम से शरीर मे रक्त बढाने के उपाय डाक्टर भान सिंह ने सभी को बताए, इस अवसर पर प्राचार्य लाखन सिंह यादव एंव स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### बलात्कार के आरोपी को न्यायालय में पेश किया

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के बोडा थाना अंतर्गत फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी एक नाबालिग बालिका लापता हो गई, पुलिस ने अपराध क्रमांक 5 बटा 26 धारा 137, 2 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया, तकनीकी विश्लेषण एवं सीडीआर लोकेशन के आधार पर पुलिस को भोपाल रवाना किया सायबर की मदद से भोपाल भानपुर से गुमशुदा नाबालिग बालिका को ढूंढकर कथन लिये, पीडिता ने बताया कि आरोपी संतोष उर्फ बंटी पिता राजेश रैकवार 24 मालीखेडी भोपाल ने शादी का झांसा देकर अपहरण कर बलात्कार किया पुलिस ने विभिन्न धाराओ में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु भोपाल टीम रवाना की जिसने लोकेशन व मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को अपहृता को ढूंढकर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।

### मध्य प्रदेश पेंशनर समाज का वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित

**खाचरोद।** मध्य प्रदेश पेंशनर समाचार का खाचरोद द्वारा 24 वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें प्रांतीय महामंत्री आर सी मिश्रा पीठाधीश्वर स्वामी कृष्णानंद, जिला अध्यक्ष मदन लाल पाटीदार उपाध्यक्ष मोहनलाल लोहार भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा एवं सभी तहसीलो के अध्यक्ष उपस्थित थे। सम्मेलन में वर्ष वर्ष 2022 में सेवानिवृत्त 12 कर्मचारी एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के 5 पेंशनर्स का सम्मान किया गया तथा नवीन सदस्यों का स्वागत किया गया। पीठाधीश्वर स्वामी श्री कृष्णानंद द्वारा सनातन धर्म के ऊपर अपने विचार व्यक्त किये तथा सभी पेंशनर्स को धार्मिक कार्यों में जोड़ने का आह्वान किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने महिला को सशक्त बनाने एवं उनको गुरुकुल में अपनी सेवा देने हेतु प्रेरित किया तथा पेंशनरों की समस्याओं को शासन स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया गया। आर मिश्रा द्वारा पेंशनर्स को आने वाली समस्याओं से संबंध में अवगत कराया गया तथा उनका निराकरण के लिए उपाय बताए गए। पाटीदार द्वारा संगठन को सशक्त बनाने हेतु प्रेरित किया गया। भरतलाल शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जगदीश शर्मा अध्यक्ष शंकर लाल गुल्या उपाध्यक्ष मदनलाल पाटीदार शोभाराम परासिया सुरेश शर्मा नरेंद्र पवार कमल किशोर सोनी, अशोक जैन आदि उपस्थित थे ।

# दिल्ली व हरियाणा के बदमाशों ने की जालसाजी, एटीएम बदलकर रुपए निकालने वाले दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में

ब्रह्मास्त्र » शुजालपुर

पंजाब नेशनल बैंक शुजालपुर एटीएम कक्ष में रुपए निकालने पहुंचे देहंडी के पूर्व सरपंच सलीम खान के साथ दिसंबर माह के दूसरा सप्ताह में जालसाजी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया, इस मामले में एक अन्य आरोपी फ रार है। पुलिस को यह सफलता सीडीआर व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मिली। पकडे गए बदमाश कई राज्यों में इस तरह की जालसाजी करते आ रहे है।

ग्राम देहण्डी निवासी सलीम पिता नन्ने खां 9 दिसम्बर को पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में रुपए निकालने पहुंचे थे तब तीन व्यक्तियों ने बातों में उलझाकर उनका एटीएम बदल लिया था तथा सलीम खां के खाते से 55 हजार रुपए निकल गए थे। बदमाशों ने यह राशि शॉपिंग व अन्य कार्य में उपयोग की थी। इस संबंध में फरियादी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी, पुलिस ने एटीएम कक्ष एवं मंडी क्षेत्र स्थित एक कपड़े की दुकान से सीसीटीवी फुटेज एकत्रित किए थे। साथ ही सीडीआर भी सायबर की मदद से प्राप्त की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपियों की तलाश के लिए टीम का गठन किया गया। इस मामले में पुलिस को सफलता मिल गई और जालसाजी करने वाले आरोपी आदिल पिता इकराम 34 वर्ष निवासी द्वारका सेक्टर 16, मेट्रो स्टेशन के पास दिल्ली तथा मोनिश सेफी पिता रईस उद्दीन बडकल कॉलोनी दिल्ली वाली मस्जिद फ रीदाबाद हरियाणा को गिरफ्तार किया। इनका एक अन्य साथी आस मोहम्मद पिता नौशाद निवासी लोनी दिल्ली का फ रार है। आरोपियों से पुलिस ने धोखाधडी के 40 हजार रुपए जप्त किए। इस कार्यवाही में निरीक्षक शिवकुमार यादव, उपनिरीक्षक विजय खत्री, उपनिरीक्षक तके सिंह धोलिया, सहायक उपनिरीक्षक इसराइल खान, प्रधान आरक्षक रंजीत भानेरिया, राजदयाल श्रीवास्तव, आरक्षक सचिन सिसोदिया, पवन परमार, संदीप यादव की सराहनीय भूमिका रही।



### सारंगपुर में धूप खिलते ही बदला मौसम, ठंड से लोगों को मिली राहत, दिन-रात के तापमान में बढोतरी

ब्रह्मास्त्र » सारंगपुर।

सारंगपुर क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से जारी कडाके की ठंड से अब लोगों को धीरे-धीरे राहत मिलनी शुरू हो गई है। मौसम के मिजाज में आए बदलाव के चलते दिन और रात के तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है, जिससे आम जनजीवन को सुकून मिला है। लंबे समय बाद आसमान साफ होने से बादल छंट गए हैं और कोहरे का असर भी अब बेहद मामूली रह गया है। बीती रात की तुलना में अधिक रहा। इससे पहले लगातार तापमान में गिरावट के चलते रात के समय ठंड का प्रकोप काफी बढ गया था। वहीं दिन के तापमान में भी एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है और यह बढकर 25 डिग्री पर पहुंच गया है। तापमान में आई इस बढोतरी से दिन के समय लोगों को ठंड से कुछ राहत महसूस हो रही है। गुरुवार सुबह से ही तेज धूप खिली रहने के कारण सर्दी की तीव्रता में कमी आई है। धूप निकलने से बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर चहल-पहल भी बढती नजर आ रही है। हालांकि, मौसम में सुधार के बावजूद ठंडी हवाएं अब भी चल रही हैं, जिसके कारण सुबह और देर शाम के समय ठिठुरन बनी हुई है। लोग अभी भी गर्म कपडों का सहारा ले रहे हैं और अलाव तापने का सिलसिला पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। कुल मिलाकर, क्षेत्र में मौसम अब धीरे-धीरे सामान्य होने की ओर बढ रहा है। तापमान में हो रही बढोतरी और साफ मौसम से आने वाले दिनों में ठंड के असर में और कमी आने की संभावना जताई जा रही है।

## खेलों एमपी आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक हुई

ब्रह्मास्त्र » शुजालपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत शुजालपुर विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा को लेकर एक बैठक सीएम राइज विद्यालय परिसर में हुई। इस बैठक में आगामी प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तैयार की गई और खिलाडियों की चयन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस बैठक का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक समन्वयक हुकम सिंह परमार और माँ शारदा सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य रजनीश त्रिवेदी के विशेष मार्गदर्शन में किया गया। बैठक के दौरान ब्लॉक स्तर पर होने वाली चयन स्पर्धा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए खेल संयोजक भूपेंद्र सिंह परमार ने सभी खेल शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित किया। इस दौरान खेल शिक्षक दीपक मीणा, राहुल मीणा, रिचा योगी, विमला परमार, तूफ़ान धनगर, राहुल सैनी, रोहित जाटव, अरविंद सेठ, संदीप मंडलोई, अमर राजपूत, रक्षित पाठक, आनंदीलाल परमार, मनीष गुप्ता, अरुण शर्मा सहित अन्य खेल शिक्षक व प्रशिक्षक मौजूद रहे। सभी ने खेलों को बढावा देने और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। ब्लॉक समन्वयक हुकुमसिंह परमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 10 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय मैदान शुजालपुर पर संपन्न कराई जाएंगी। यहाँ से चयनित खिलाडी आगामी जिला और संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में शुजालपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### बिना अनुमति निर्माण, कार्रवाई पर पंचायत मौन

**सारंगपुर।** शहर सहित जनपद पंचायत क्षेत्र इन दिनों अवैध निर्माण और बढते अतिक्रमण की गिरफ्त में हैं। शहर के साथ साथ गांव में नियम-कायदों को ताक पर रखकर किए जा रहे मनमाने निर्माण ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। स्थिति यह है कि कहीं जमीन पर पक्का निर्माण कर रास्ते रोके जा रहे हैं, तो कहीं अतिक्रमण कर छज्जों और बालकनी के विस्तार के कारण गलियां संकरी होती जा रही हैं।

## विकासखंड स्तरीय विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



ब्रह्मास्त्र » सुसनेर

शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल एवं प्रादर्श प्रस्तुत किए गए। इस वर्ष प्रदर्शनी में सामाजिक विज्ञान विषय को भी सम्मिलित किया गया, जिससे विद्यार्थियों को समग्र दृष्टिकोण से सीखने का अवसर मिला।

प्रदर्शनी की मुख्य थीम विकसित और आत्मनिर्भर भारत रखी गई। उपविषयों में विज्ञान एवं पर्यावरण के अंतर्गत सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकी, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा जल संरक्षण एवं प्रबंधन से संबंधित विषय शामिल रहे।

प्रदर्शनी का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर बीएससी संतोष भैनिया, विजय जैन, ईश्वर ओसारा, पारस जैन एवं रामदयाल गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर बीईओ तिवारी ने कहा कि हर मॉडल जटिल विषयों को सरल रूप में प्रस्तुत करता है, जिससे विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का विकास होता है। प्रदर्शनी का अवलोकन बीआरसी कार्यालय से प्रशिक्षण प्रभारी विजय जैन, संतोष भैनिया एवं उल्लास समन्वयक ईश्वर ओसारा द्वारा किया गया। वहीं प्रदर्शनी का मूल्यांकन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुसनेर के पारस जैन, दीपक जैन एवं अशरफ मंसूरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय सेमिनार (विचार गोष्ठी) का आयोजन भी किया गया


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 208/2 रकबा 0.050 हेक्टर, सर्वे नम्बर 213/2 रकबा 0.050 हेक्टर, सर्वे नम्बर 217 रकबा 0.220 हेक्टर, सर्वे नम्बर 218/2 रकबा 0.090 हेक्टर, सर्वे नम्बर 213/1 रकबा 0.070 हेक्टर, सर्वे नम्बर 214 रकबा 0.340 हेक्टर, सर्वे नम्बर 218/1 रकबा 0. 250 हेक्टर, सर्वे नम्बर 205 रकबा 0.290 हेक्टर, सर्वे नम्बर 206 रकबा 0.260 हेक्टर, सर्वे नम्बर 207 रकबा 0.270 हेक्टर, सर्वे नम्बर 208/1 रकबा 0.200 हेक्टर, सर्वे नम्बर 210 रकबा 0.260 हेक्टर, कुल किता 12 कुल रकबा 2.350 हेक्टर में से 2.320 हेक्टर अर्थात 11. बीघा 12 आरे स्थित ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को जावेद खान पिता जब्बार खान, निवासी ग्राम सूल्या तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन ककी अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेगी। इति दिनांक 10-01-2026

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर: 9826534221, 8839920862**




# रानी मुखर्जी स्टारर मर्दानी 3 की रिलीज डेट घोषित

## फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में आएगी, पोस्टर भी जारी

यश राज फिल्म्स ने शनिवार को फिल्म मर्दानी 3 की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। रानी मुखर्जी स्टारर यह फिल्म 30 जनवरी को रिलीज होगी। वायआरएफ की मर्दानी हिंदी सिनेमा की सोलो फीमेल लीड फ्रेंचाइजी है। मर्दानी 3 में रानी मुखर्जी एक बार फिर पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में नजर आएंगी, जो न्याय के लिए निस्वार्थ भाव से लड़ती हैं।

वायआरएफ ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करते हुए इसका पोस्टर भी शेयर किया। साथ में लिखा, वह तब तक नहीं रुकेगी, जब तक वह उन सभी को बचा नहीं लेती। रानी मुखर्जी मर्दानी 3 में निडर कॉप शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापस आ गई हैं। रेस्क्यू 30 जनवरी को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में शुरू होगी। बता दें कि मर्दानी 3 का निर्देशन अभिराज मिनावाला ने किया है और फिल्म का निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया है।

मर्दानी का पहला पार्ट 22 अगस्त 2014 को रिलीज हुआ था, जिसका निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया था। फिल्म ने भारत में करीब 35 से 36 करोड़ रुपए की नेट कमाई की, जबकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन लगभग 59.55 करोड़ रुपए रहा। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म हिट साबित हुई।

## 5 करोड़ की एलिमनी पर माही विज ने तोड़ी चुप्पी

# व्लॉग में ट्रोलर्स को लिया निशाने पर, बोलीं- आधी जानकारी के साथ गंदगी मत फैलाइए







हाल ही में टीवी के फेमस कपल में शुमार जय भानुशाली और माही विज ने अपने तलाक की घोषणा की। कपल ने एक ज्वाइंट स्टेटमेंट जारी कर फेंस को सेपरेट होने की बात बताई थी। ज्वाइंट स्टेटमेंट के बाद भी दोनों के फैसले, तलाक की एलिमनी और बच्चों को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। अब माही विज ने इन सभी सवालों के जवाब दिए हैं।

एक्ट्रेस ने अपने हालिया यूट्यूब व्लॉग में इन पर बात की है। माही ने अपने इस व्लॉग को प्लीज स्टॉप इट कैप्शन दिया है। वो कहती हैं- हां, मैं जय से अलग हो गई हूं। हमारा तलाक हो गया है लेकिन हम अच्छे दोस्त रहेंगे। हम दोनों ऐसे बने हैं कि हमें पीसफुल लोग हैं। हमें ड्रामा, झगड़े या गंदगी पसंद नहीं है। हमने आपसी सहमति से यह फैसला किया और अलग-अलग रास्ता अपनाया। हमारे लिए यही सही था।

नफरत भरे कमेंट्स पर रिएक्शन देते हुए माही ने कहा- 'मैं कमेंट सेक्शन में बहुत कुछ पढ़ रही हूं। लोग पूछ रहे हैं कि हमने बच्चे क्यों गोद लिए, हमारे बच्चे क्यों पैदा किया? हमारा बैंक अकाउंट खाली नहीं है। हम अपने बच्चों की देखभाल कर सकते हैं। और ऐसा भी नहीं है कि जय अपनी जिम्मेदारियों से भाग गया हो या मेरे पास कुछ भी न हो। हमारे तीनों बच्चे पहले की तरह ही अपनी जिंदगी जीते रहेंगे।

ये बच्चों के लिए अच्छी बात है। वो देखेंगे कि अगर कोई चीज काम नहीं कर रही तो इसका ये मतलब नहीं है कि तोड़ने के समय गंदगी फैलाएं। या कोर्ट-कचहरी में एक-दूसरे को घसीटो। मुझे लगता है कि मेरे बच्चे मुझे पर और जय पर प्राउड फील करेंगे।'

वहीं, तलाक की घोषणा के बाद दावा किया जा रहा था कि माही ने 5 करोड़ की तलाक एलिमनी मांगी है। इस दावे पर बात करते हुए माही ने कहा- मैं इंस्टाग्राम पर देख रही थी कि लोग लाइक और कमेंट के लिए कह रहे हैं कि माही ने 5 करोड़ की एलिमनी ले ली। ये बहुत दुखद है।

आधी जानकारी में कुछ भी मत करिए। हमारे पुराने वीडियो निकालकर, कयास लगाए जा रहे हैं। हमने तो कुछ किया नहीं, आप लोगों ने पूरी गंदगी फैला दी। इसकी जरूरत नहीं।'

माही ने अपने व्लॉग में उनलोगों को भी लताड़ लगाई है, जो उनके फैसले के ड्रामा बता रहे हैं। एक्ट्रेस ने कहा- ह्यकोई ड्रामा नहीं है। किसी को तलाक लेना अच्छा नहीं लगता है। ऊपर वाला ना करें कि तुमलोगों के घर में ऐसा हो। जिस पर बीतती है, उसे पता है।

- हमारी इंडस्ट्री में तलाक लेना कोई मजाक नहीं बना है। बाहर भी तलाक हो रहा है। हर जगह तलाक हो रहा है। हमने ने इज्जत के साथ रिश्ते से निकलने का फैसला किया है, छोटे शहरों की लड़कियां बॉयफ्रेंड के लिए मर्डर कर दे रही हैं। आपलोग क्या बात कर रहे हैं?


### साल 2011 में हुई थी जय और माही की शादी


- जय और माही की शादी साल 2011 में हुई थी। दोनों ने 2017 में अपने हाउस हेल्प के बच्चों राजवीर और खुशी को गोद लिया था। इसके 2 साल बाद साल 2019 में माही ने बेटी तारा को जन्म दिया।
- बता दें कि जय और माही टीवी इंडस्ट्री के फेमस कलाकार हैं। दोनों ने कई फेमस टीवी शो में काम किया है और कुछ प्रोजेक्ट्स में साथ भी नजर आए हैं। साल 2013 में उन्होंने डांस रियलिटी शो नच बलिए 5 में हिस्सा लिया था। इसके बाद 2016 में दोनों खतरों के खिलाड़ी 7 में एक ही सीजन के प्रतियोगी रहे।
- कयामत, डांस इंडिया डांस और बिग बॉस 15 जैसे शो में जय नजर आ चुके हैं। वहीं माही ने लागी तुझसे लगन, बालिका वधू और तेरी मेरी लव स्टोरीज जैसे शो में काम किया है।

# पंजाब की बहू नेहा कक्कड़ के सॉन्ग पर बढ़ा विवाद

**बॉलीवुड सिंगर के खिलाफ चाइल्ड राइट्स कमीशन को कंप्लेंट डांस मूव्स अश्लील बताए**







पंजाब के पटियाला की बहू और बॉलीवुड सिंगर नेहा कक्कड़ का सॉन्ग कैंडी शॉप विवादों में घिर गया है। गीत में कथित अश्लील शब्दों और आपत्तिजनक डांस मूव्स को लेकर पंजाब राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में शिकायत दर्ज कराई गई है। आयोग ने शिकायत को गंभीर मानते हुए इसे राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली को भेज दिया है।

शिकायतकर्ता डॉक्टर धनेंद्र शास्त्री ने आरोप लगाया है कि यह गीत बच्चों के मानसिक विकास पर नकारात्मक असर डाल रहा है। उन्होंने मांग की है कि नेहा कक्कड़ के खिलाफ उचित कार्रवाई करें। साथ ही सॉन्ग को यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने के निर्देश दिए जाए। बता दें कि मूल रूप से उत्तराखंड की रहने वाली नेहा कक्कड़ के इस गीत को अब तक 20 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। इस गीत को न्यू ईयर पार्टी थीम को ध्यान में रखकर बनाया गया है। 3 हफ्ते पहले रिलीज हुए इस गीत के साथ ही कन्ट्रोवर्सी भी चल रही है।

सोशल मीडिया यूजर्स ने इसके डांस स्टेप्स और हुक स्टेप्स को बेहद भद्दा' बताया। कई लोगों ने इसे बी-ग्रेड कंटेंट तक कह दिया और तर्क दिया कि इसे परिवार के साथ नहीं देखा जा सकता। फेमस शास्त्रीय संगीतज्ञ मालिनी अवस्थी भी आपत्ति जता चुकी हैं। हालांकि, पंजाबी सिंगर काका ने नेहा का फेवर करते हुए अपने इंस्टा अकाउंट पर वीडियो भी डाला है। इसमें लिखा- आजकल इसी तरह के गीतों की मार्केट है।

**बाल अधिकार संरक्षण आयोग से की गई शिकायत में ये कहा गया...**सॉन्ग में बच्चों को गलत अर्थों में दिखाया गया : शिकायतकर्ता डॉक्टर धनेंद्र शास्त्री ने कहा है कि कैंडी शॉप सॉन्ग में कैंडी और लॉलीपॉप जैसे शब्दों और प्रतीकों का इस्तेमाल कर बच्चों को आकर्षित किया जा रहा है, जबकि गीत के दृश्य और भावार्थ बच्चों के हिसाब से बिल्कुल उलट हैं। इससे कम उम्र के बच्चे इस कंटेंट को बार-बार देख रहे हैं, जो उनके मानसिक विकास को प्रभावित कर सकता है।

**हाईकोर्ट के आदेश के उल्लंघन का भी आरोप:** शिकायतकर्ता डॉक्टर धनेंद्र शास्त्री ने यह भी दावा किया है कि यह गीत पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 22 जुलाई 2019 के उस आदेश का उल्लंघन करता है, जिसमें बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाले कंटेंट के प्रसार पर चिंता जताई गई थी। इस वजह से भी नेहा कक्कड़ के सॉन्ग को यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने के निर्देश दिए जाए।

**राज्य आयोग ने कहा- मामला राष्ट्रीय स्तर का:** उधर, पंजाब राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने डॉक्टर धनेंद्र शास्त्री की शिकायत की जांच करने के बाद माना कि यह मुद्दा सिर्फ पंजाब तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों के अधिकारों से जुड़ा मामला है। इसी आधार पर आयोग ने पूरी फाइल राष्ट्रीय आयोग को भेजी है। अपने पत्र में राज्य आयोग ने राष्ट्रीय आयोग से आग्रह किया है कि वह नेहा कक्कड़ के खिलाफ उचित कार्रवाई करें।

**आयोग को सिविल कोर्ट जैसे अधिकार:** इसके अलावा पंजाब राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने स्पष्ट किया है कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के तहत उसे शिकायतों पर जांच करने और स्वतः संज्ञान लेने का अधिकार है। इसके साथ ही आयोग को सिविल कोर्ट के समान अधिकार भी प्राप्त हैं।

**तीन सप्ताह में 20 मिलियन व्यूज, 30 हजार से ज्यादा कमेंट्स-** नेहा कक्कड़ और उनके भाई टोनी कक्कड़ की ओर से अपने ऑफिशियल चैनलों पर साझा तौर पर तीन सप्ताह पहले इस सॉन्ग को डाला गया था। इस सॉन्ग पर अब तक 20 मिलियन व्यूज आ चुके हैं। यही नहीं गीत पर 30 हजार 600 से ज्यादा कमेंट भी हैं। इसमें नेगेटिव कमेंट की भरमार बेहद ज्यादा है।

## कोहली 28 हजार रन के करीब, क्रिस गेल का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं रोहित

# 2026 में भारत का पहला वनडे आज न्यूजीलैंड से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वडोदरा

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे आज वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा और टॉस 1:00 बजे होगा। भारत में दोनों टीमों के बीच 7 वनडे सीरीज खेली गईं, सभी होम टीम ने ही जीतीं।

हेड टु हेड रिकॉर्ड में टीम इंडिया को बढ़त भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक 120 वनडे खेले गए। 62 में भारत और 50 मे न्यूजीलैंड को जीत मिली। 7 बेनतीजा रहे, वहीं 2014 में एक मैच टाई भी रहा। भारत में दोनों ने 40 वनडे खेले, 31 में टीम इंडिया और महज 8 में कीवी टीम ने बाजी मारी। एक मुकाबला बेनतीजा भी रहा।

**गेल का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं रोहित-** पहले वनडे में भारत के रोहित शर्मा वेस्टइंडीज के क्रिस गेल का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। रोहित के नाम ओपनिंग करते हुए वनडे में 327 छक्के हैं। वहीं गेल ने 328 छक्के लगाए हैं, रोहित 2 सिक्स लगाकर इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर सकते हैं। विराट कोहली भी 28 हजार इंटरनेशनल रन के करीब हैं। उनके नाम 27,975 रन हैं। वे न्यूजीलैंड के खिलाफ 42 रन बनाते ही इंटरनेशनल क्रिकेट के दूसरे टॉप स्कोरर भी बन जाएंगे। फिलहाल श्रीलंका के कुमार संगकारा 28016 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। सचिन 34,357 रन के साथ टॉप पर हैं।






- **कोहली भारत के टॉप स्कोरर-** रोहित के साथ विराट कोहली भी सीरीज खेलेंगे। विराट तो साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे। उन्होंने 2025 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन भी बनाए। कोहली के नाम 13 मुकाबलों में 651 रन रहे, उन्होंने 3 सेंचुरी और 4 फिफ्टी भी लगाईं। गेंदबाजों में हर्षित राणा 20 विकेट लेकर टॉप पर रहे।
- **मिचेल और ब्रेसवेल से न्यूजीलैंड को उम्मीदें-** न्यूजीलैंड की कप्तानी माइकल ब्रेसवेल करेंगे। रेगुलर कप्तान मिचेल सैंटनर ग्रोइन इंजरी के कारण वनडे सीरीज से बाहर हैं, जबकि टॉम लैथम भी नहीं खेल रहे। पूर्व कप्तान केन विलियमसन, रचिन रवींद्र और तेज गेंदबाज जैकब डफी को आराम दिया गया है। चोट से वापसी कर रहे मैट हेनरी टी-20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए टी-20 सीरीज ही खेलेंगे। पिछले साल वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल और माइकल ब्रेसवेल सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में शामिल रहे। डेरिल मिचेल ने 17 मैचों में 761 रन बनाए, जिनमें एक शतक और छह अर्धशतक शामिल रहे। बॉलिंग में माइकल ब्रेसवेल ने 18 मुकाबलों में 17 विकेट झटके।
- **वडोदरा में पहली बार मेंस इंटरनेशनल मैच-** वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में पहली बार मेंस वनडे खेला जाएगा। यहां अब तक सिर्फ फर्स्ट क्लास मैच ही खेले गए। यहां की पिच पर गेंद बल्ले पर आसानी से आती है और रन बनाना आसान होता है। ऐसे में हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिल सकता है।
- **मौसम साफ रहेगा-** मैच के दिन वडोदरा में बारिश की कोई आशंका नहीं है। दिन में धूप निकलेगी, जिससे मैच में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी। टेम्परेचर 14 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।
- **दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11 भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।
- **न्यूजीलैंड:** माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), डेवॉन कॉन्वे, विल यंग, हेनरी निकोल्स, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिच हे (विकेटकीपर), जैडन लेनोक्स, जैक फॉल्क्स, काइल जैमीसन, माइकल रे।
- **मैच कहां देख सकते हैं?** भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे और टी-20 सीरीज के मुकाबले टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स के चैनलों पर देख सकेंगे। इसके अलावा मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियोहॉटस्टार एप पर होगी।

## पीवी सिंधु मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं



### सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में मेन्स सिंगल्स में भारतीय चुनौती खत्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कुआलालंपुर में चल रहे बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं, मेंस डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है।

यामागुची के खिलाफ सिंधु की जीत खेले गए क्वार्टरफाइनल में सिंधु ने जापान की तीसरी सीड अकाने यामागुची का सामना किया। सिंधु ने सिर्फ 11 मिनट में पहला गेम 21-11 से अपने नाम किया। इसके बाद यामागुची घुटने की चोट के कारण मैच से हट गईं (रिटायर्ड हर्ट), जिससे सिंधु को सेमीफाइनल का टिकट मिल गया। राउंड ऑफ 16 में भी आसान जीत इससे पहले राउंड ऑफ 16 में सिंधु ने जापान की आठवीं सीड टोमोका मियाजाकी को 33 मिनट में 21-8, 21-13 से हराया था। सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में मेंस डबल्स में भारत की टॉप जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मलेशिया की जुनैदी अरिफ और रॉय किंग याप की जोड़ी को 21-18, 21-11 से हराया। 39 मिनट चले मुकाबले में भारतीय जोड़ी का दबदबा साफ दिखा। अब क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला इंडोनेशिया की छठी सीड जोड़ी फजर अल्फियन और मुहम्मद रियन अर्दियांतो से होगा।

## टाटा स्टील चेस टूर्नामेंट- प्रागननंदा ने घड़ी बंद की, विवाद

### एक सेकेंड बाकी था, अमेरिकी खिलाड़ी से मैच ड्रॉ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

कोलकाता में चल रहे टाटा स्टील चेस इंडिया रैपिड टूर्नामेंट के दूसरे दिन भारतीय ग्रैंडमास्टर आर.प्रागननंदा और अमेरिकी खिलाड़ी वेस्ली सो के बीच खेले गए मुकाबले में निर्णायक के फैसले को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया।

मैच के दौरान प्रागननंदा ने बिना अगली चाल चले ही घड़ी रोक दी और अर्बिटर (निर्णायक) से मदद मांगी। इसके बाद निर्णायक ने मुकाबले को ड्रॉ (बराबरी) घोषित कर दिया। इस फैसले सवाल उठ रहे हैं।

**कैसे हुआ विवाद?** आर.प्रागननंदा मैच के अंतिम क्षणों में अपना प्यादा प्रमोशन (रानी बनाने) की स्थिति में आगे बढ़ा चुके थे। लेकिन घड़ी में समय बहुत कम बचा था और वे प्यादे को रानी में बदल नहीं पाए। समय खत्म होने से ठीक एक सेकेंड पहले प्रागननंदा ने क्लॉक रोक दी और अर्बिटर की सहायता मांगी। इस दौरान कमेंटेटर्स और दर्शकों को लगा कि समय समाप्त होने के कारण वेस्ली सो को जीत मिल जाएगी, लेकिन लंबी चर्चा के बाद अर्बिटर्स ने मुकाबले को ड्रॉ घोषित कर दिया।

**फैसले पर उठे सवाल इस फैसले की आलोचना-** मशहूर इंटरनेशनल चेस अर्बिटर क्रिस बर्ड ने की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,'यह मुकाबला हार माना जाना चाहिए था। नियम 6.11.2 के अनुसार खिलाड़ी घड़ी तभी रोक सकता है जब प्रमोशन हो चुका हो और जरूरी मोहरा उपलब्ध न हो। यहां प्रमोशन हुआ ही नहीं, इसलिए यह नियम लागू नहीं होता।' कई लोगों का मानना है कि प्रागननंदा को यह मैच हार मान लेना चाहिए था। हालांकि, वेस्ली सो ने कहा कि यह घटना अनजाने में हुई और वे बोर्ड पर खेलकर जीतना पसंद करते हैं, इसलिए उन्होंने जीत का दावा नहीं किया। अर्जुन एरिगैसी ने विश्वनाथन आनंद को हराया वहीं, पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद को अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। राउंड-4 में आनंद अच्छी स्थिति में थे, लेकिन एक गलत चाल के कारण अर्जुन ने मैच का रुख पलट दिया और जीत हासिल कर ली।

## डब्ल्यूपीएल- मुंबई ने दिल्ली को 50 रन से हराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से हरा दिया। शनिवार को डीवाय पाटिल स्टेडियम में दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। मुंबई ने 195 रन बनाए। जवाब में कैपिटल्स 145 रन ही बना सकी।

डिफेंडिंग चैंपियन टक से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 74 और नैट सिवर-ब्रंट ने 70 रन बनाए। दिल्ली से डेब्यू करने वालीं नंदनी शर्मा को 2 विकेट मिले। बैटिंग में टीम से शिनेल हेनरी ही फाइट दिखा सकीं, उन्होंने 33 गेंद पर 56 रन बनाए।

मुंबई से निकोला कैरी और अमीलिया केर ने 3-3 विकेट लिए। नैट सिवर ब्रंट के हाथ 2 विकेट लगे। वहीं शबनिम इस्माइल और संस्कृति गुप्ता ने 1-1 विकेट लिया। यह मुंबई की पहली जीत रही, टीम को पहले मुकाबले में बेंगलुरु से हार मिली थी। वहीं दिल्ली ने अपना ओपनिंग मुकाबला ही गंवा दिया। टीम रविवार को गुजरात से भिड़ेगी।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर।
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चौंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### वोडाफोन आइडिया के लिए बड़ी राहत

## एजीआर बकाया भुगतान का शेड्यूल बदला




## अब मार्च 2036 से शुरू होंगी मुख्य किश्तें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दूरसंचार विभाग के ताजा निर्देशों के अनुसार वोडाफोन-आइडिया अब मार्च 2036 से अपने पुनर्मूल्यांकित एजीआर बकाये का मुख्य भुगतान शुरू करेगी। जानें अगले छह वर्षों के लिए 124 करोड़ रुपये की वार्षिक किश्त और नई पुनर्भुगतान योजना का पूरा विवरण।

कर्ज के बोझ तले दबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। कंपनी ने गुरुवार को स्टॉक एक्सचेंजों को दी गई एक नियामक फाइलिंग में जानकारी दी कि उसे दूरसंचार विभाग से समायोजित सकल राजस्व बकाये बकाये के बारे में एक महत्वपूर्ण अपडेट मिला है। इस नए निर्देश के अनुसार, कंपनी को अपने पुनर्मूल्यांकित एजीआर बकाये का बड़ा हिस्सा अब मार्च 2036 से चुकाना शुरू करना होगा। यह कदम नकदी संकट से जूझ रही इस टेलीकॉम कंपनी के लिए वित्तीय स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।

दूरसंचार विभाग द्वारा दी गई राहत के तहत, वोडाफोन आइडिया के भुगतान शेड्यूल को पुनर्गठित किया गया है। फाइलिंग के अनुसार, कंपनी को अगले एक दशक तक बहुत ही सीमित राशि का भुगतान करना होगा, जबकि मुख्य बकाये का भुगतान 2036 से शुरू होगा।

इस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए, दूरसंचार विभाग एक विशेष समिति का गठन करेगा। यह समिति एजीआर बकाये का पुनर्मूल्यांकन करेगी। वोडाफोन आइडिया ने अपनी फाइलिंग में साफ तौर पर कहा है कि इस समिति का निर्णय ही अंतिम तौर पर मान्य होगा।

### एवोकाडो की खेती से किसानों की आय में क्रांतिकारी उछाल

# एक एकड़ में 10 लाख रु. तक की कमाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कभी विदेशी और शहरी वर्ग तक सीमित समझा जाने वाला एवोकाडो अब भारतीय खेती की तस्वीर बदलने लगा है। बदलते खानपान, स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ाव ने इस फल को किसानों के लिए सोने की फसल बना दिया है। देश के कई हिस्सों, खासकर महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक में किसान पारंपरिक फसलों से हटकर एवोकाडो की खेती को अपना रहे हैं और एक एकड़ से सालाना 8 से 10 लाख रुपये तक की आमदनी दर्ज कर रहे हैं। यह बदलाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भारतीय कृषि के भविष्य की दिशा भी तय कर रहा है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार एवोकाडो की मांग बीते कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। मेट्रो शहरों से लेकर टियर-2 शहरों तक इसके उपभोक्ता बढ़ रहे हैं। होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, जिम, न्यूट्रिशन सेंटर और कॉस्मेटिक इंडस्ट्री में एवोकाडो का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। यही कारण है कि बाजार में इसकी कीमत 300 से 400 रुपये प्रति किलो तक बनी रहती है, जबकि कुछ विशेष किस्मों के लिए इससे अधिक दाम भी मिल जाते हैं।

महाराष्ट्र के कई जिलों में युवा किसान इस नई खेती का प्रयोग कर रहे हैं। पारंपरिक फसलों जैसे कपास, सोयाबीन या गन्ने में जहां लागत अधिक और मुनाफा सीमित था, वहीं एवोकाडो ने कम क्षेत्र में अधिक आय का भरोसा दिया है। किसानों का कहना है कि सही तकनीक, उचित पौध रोपण और ड्रिप सिंचाई के जरिए यह फसल लंबे समय तक स्थायी आमदनी का साधन बन सकती है। एक बार लगाए गए पौधे 40 से 50 वर्षों तक फल देते हैं, जिससे यह खेती पीढ़ियों तक लाभ पहुंचा सकती है।

कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि एवोकाडो को केवल पहाड़ी इलाकों तक सीमित समझना अब पुरानी धारणा हो चुकी है। नई किस्मों और आधुनिक कृषि तकनीकों की मदद से यह फल मैदानी और गर्म क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक उगाया जा रहा है। तमिलनाडु के कोयंबटूर जैसे गर्म क्षेत्रों में भी किसान अच्छी पैदावार ले रहे हैं। खास तौर पर हृासहृ किस्म को मैदानी इलाकों के लिए सबसे उपयुक्त माना जा रहा है। पौधों को 2020 फीट की दूरी पर लगाने, शुरुआती दो वर्षों तक हल्की छाया देने और नियमित सिंचाई से उत्पादन बेहतर होता है। किसानों के अनुभव बताते हैं कि शुरुआत में पौधों की लागत और देखभाल पर खर्च जरूर आता है, लेकिन तीसरे या चौथे वर्ष से जब उत्पादन शुरू होता है, तब मुनाफा लागत से कई गुना अधिक हो जाता है। एक एकड़ में लगाए गए लगभग 100 पौधों से धीरे-धीरे उत्पादन बढ़ता है और पूर्ण विकसित अवस्था में भारी मात्रा में फल मिलने लगता है। यही कारण है कि एवोकाडो को दीर्घकालिक निवेश की तरह देखा जा रहा है।

कृषि अर्थशास्त्रियों का कहना है कि एवोकाडो जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर झुकाव भारतीय कृषि को पारंपरिक घाटे के चक्र से बाहर निकाल सकता है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ती लागत और बाजार की अनिश्चितता के बीच यह फसल किसानों को स्थिरता और भरोसा देती है। साथ ही निर्यात की संभावनाएं भी इसमें जुड़ी हुई हैं, जिससे आने वाले समय में विदेशी बाजारों में भारतीय एवोकाडो अपनी पहचान बना सकता है। कुल मिलाकर एवोकाडो की खेती केवल एक नई फसल नहीं, बल्कि किसानों के लिए सोच में बदलाव का प्रतीक बन चुकी है। यह दिखाता है कि यदि किसान तकनीक, बाजार और उपभोक्ता की जरूरतों को समझकर कदम उठाएं, तो खेती फिर से लाभ का सौदा बन सकती है। आज एवोकाडो उन किसानों के लिए उम्मीद की फसल है, जो कम जमीन में ज्यादा आमदनी और सुरक्षित भविष्य की तलाश में हैं।



- एवोकाडो की खेती का एक बड़ा लाभ यह है कि इसमें जोखिम अपेक्षाकृत कम है। पारंपरिक फसलों की तुलना में कीट और रोगों का प्रकोप कम देखा जाता है। साथ ही बाजार में इसकी मांग स्थिर और बढ़ती हुई है। किसानों का कहना है कि फसल तैयार होने के बाद विपणन में भी ज्यादा परेशानी नहीं आती, क्योंकि व्यापारी और थोक खरीदार खुद खेत तक पहुंचने लगे हैं।
- सरकारी स्तर पर भले ही एवोकाडो के लिए अलग से कोई विशेष सब्सिडी घोषित न हो, लेकिन बागवानी योजनाओं के तहत किसानों को पौध, सिंचाई, मल्चिंग और जल स्रोत विकास में सहायता मिल रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सरकार इस फल को प्रोत्साहन फसलों की सूची में शामिल करे, तो इससे और अधिक किसान जुड़ सकते हैं और देश को आयात पर निर्भरता भी कम करनी पड़ सकती है।
- पोषण विशेषज्ञ एवोकाडो को सुपरफूड मानते हैं। इसमें मौजूद हेल्दी फैट, फाइबर, विटामिन और खनिज तत्व इसे हृदय स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और त्वचा के लिए लाभकारी बनाते हैं। यही वजह है कि शहरी उपभोक्ताओं में इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। आइसक्रीम, सलाद, स्मूदी, सॉस और कॉस्मेटिक उत्पादों में इसके उपयोग ने इसकी मांग को और मजबूत किया है।

### ओएनजीसी को मिली कामयाबी

## मोरी-5 कुएं की आग पर सफलतापूर्वक नियंत्रण



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर अंबेडकर कोनसीमा जिला में ओएनजीसी के एक गैस कुएं में लगी आग पर आखिरकार नियंत्रण पा लिया गया है। 5 जनवरी को सर्विसिंग के दौरान हुए इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। कंपनी ने त्वरित संकट प्रबंधन के तहत कैपिंग ऑपरेशन पूरा करते हुए सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी।

ओएनजीसी ने आंध्र प्रदेश में स्थित अपने मोरी-5 कुएं पर सफलतापूर्वक नियंत्रण स्थापित कर लिया है। कंपनी ने शनिवार को बताया कि रिकॉर्ड पांच दिनों में कैपिंग ऑपरेशन पूरा कर लिया गया है। तेल और प्राकृतिक गैस निगम के अनुसार, आंध्र प्रदेश में उसके ऑनशोर एसेट में स्थित मोरी-5 कुएं में 5 जनवरी 2026 को नियमित सर्विसिंग के दौरान ब्लोआउट हुआ था। यह कार्य ठेकेदार दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा किया जा रहा था। सर्विस के दौरान कुएं से हाइड्रोकार्बन का अनियंत्रित रिसाव शुरू हो गया था। घटना के बाद ओएनजीसी ने तत्काल अपने संकट प्रबंधन प्रोटोकॉल को सक्रिय किया, क्षेत्र में सभी संबंधित गतिविधियां निलंबित कीं और विशेष वेल-कंट्रोल टीमें व उपकरण मौके पर तैनात किए। कंपनी ने बताया कि इस दौरान सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। ओएनजीसी ने स्पष्ट किया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कंपनी के बयान में कहा गया है कि ओएनजीसी ने मोरी-5 कुएं पर सफलतापूर्वक नियंत्रण स्थापित कर लिया है और पांच दिनों के रिकॉर्ड समय में कैपिंग ऑपरेशन पूरा किया गया है, जो ब्लोआउट रिस्पॉन्स और परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कंपनी ने बताया कि कैपिंग पूरी होने के साथ ही मोरी-5 से जुड़ी फील्ड-लेवल गतिविधियां समाप्त कर दी गई हैं और इस मामले में आगे किसी परिचालन अपडेट की आवश्यकता नहीं होगी।

### 2025 में टेक कंपनियों में छंटनी का सिलसिला जारी

# एआई का दौर, फिर भी नौकरियों पर संकट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


साल 2025 में टेक कंपनियों में छंटनी 2024 के मुकाबले करीब 20 फीसदी कम रही, लेकिन संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। इंटेल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी कंपनियों ने बड़े पैमाने पर नौकरियां घटाईं। भारत में टीसीएस और अन्य कंपनियों में भी छंटनी हुई।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स समेत नई तकनीक अपनाने पर जोर के बावजूद दुनियाभर की टेक कंपनियों ने 2024 के मुकाबले 2025 में करीब 20 फीसदी कम छंटनी की। इस दौरान अमेरिकी कंपनी इंटेल ने दो बार में सर्वाधिक 27,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कंपनी ने पहली बार अप्रैल, 2025 में 22,000 और जुलाई, 2025 में 5,000 छंटनी की थी।

लेऑफ्स डॉट एफवाईआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बीते साल भारत समेत दुनियाभर की 257 टेक कंपनियों ने 1,22,549 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। यह आंकड़ा 2024 में 551 कंपनियों से निकाले गए 1,52,922 कर्मचारियों की तुलना में 19.86 फीसदी कम है। साल 2023 में वैश्विक स्तर पर 1,193 कंपनियों ने 2,64,320 लोगों की छंटनी की थी, जबकि 2022 में 1,064 संस्थाओं ने 1,65,269 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया था।

विशेषज्ञों का कहना है कि दुनियाभर की टेक कंपनियों में एट्रिशन रेट (कर्मचारियों के कंपनी छोड़ने की दर) काफी ज्यादा है। साथ ही, कुशल पेशेवरों की कमी के बावजूद टेक कंपनियों में लगातार छंटनी चिंता की बात है।

**कंपनियों की खर्च में कटौती का नतीजा-** विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक एट्रिशन रेट और कुशल पेशेवरों की कमी से जूझ रहीं टेक कंपनियों में छंटनी की कई वजहें हैं। वैश्विक अनिश्चितता और टैरिफ वॉर के बीच मंदी की बढ़ती आशंका ने कंपनियों की चिंता बढ़ा दी है, जो कमाई के मोर्चे पर जूझ रही हैं। इसके अलावा, कई देशों में तनाव के बाद आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी समस्याओं और महंगाई बढ़ने के कारण लागत वृद्धि से जूझ रहीं कंपनियां खर्च में कटौती कर रही हैं, जिसका असर छंटनी के रूप में दिख रहा है।



#### इन कंपनियों में सबसे ज्यादा निकाले

- इंटेल...2025 में दो बार में 22,000 कर्मचारियों को बाहर निकाला।
- माइक्रोसॉफ्ट...कुल 15,000 पेशेवरों को बाहर का रास्ता दिखाया।
- अमेजन...वैश्विक स्तर पर 14,000 कर्मचारियों की नौकरी गई।
- एचपी...दो बार में 8,000 लोगों की छंटनी की गई।
- सेल्सफोर्स...4,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया।
- मेटा...खर्च में कटौती का हवाला देकर 3,600 पेशेवरों की छंटनी।

भारत में बीते साल टाटा समूह की कंपनी टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) ने सबसे ज्यादा 12,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाला था। कंपनी ने रिस्ट्रक्चरिंग और स्किल मिसमैच का हवाला देकर इतनी बड़ी संख्या में छंटनी की थी, जिसे लेकर विरोध भी हुआ था।

### राष्ट्रपति ने दी मंजूरी; दो चरणों में चलेगी कार्यवाही

# बजट 2026: संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से होगा शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार की सिफारिश पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष 2026 के बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारत सरकार की सिफारिश पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष 2026 के बजट सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है। यह सत्र 28 जनवरी 2026 को शुरू होगा और 2 अप्रैल 2026 तक चलेगा। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी 2026 को समाप्त होगा, और संसद 9 मार्च 2026 को फिर से एकत्रित होगी, जो सार्थक बहस और जन-केंद्रित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष 2026 के संसदीय बजट सत्र के कार्यक्रम को औपचारिक मंजूरी दे दी है। सरकार की सिफारिश पर लिए गए इस निर्णय के अनुसार, संसद का आगामी बजट सत्र 28 जनवरी 2026 से शुरू होकर 2 अप्रैल 2026 तक चलेगा। यह सत्र देश के आगामी वित्तीय वर्ष (2026-27) के लिए आर्थिक खाका तैयार करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। आम तौर पर हर वर्ष वित्त मंत्री 1 जनवरी को बजट पेश करतीं हैं। इस बार 1 फरवरी को रविवार है। इसलिए इस बार बजट कब पेश होगा? इसे लेकर अटकलें लग रही थीं। हालांकि, बजट सत्र के कार्यक्रम को देखकर यह तय माना जा रहा है कि इस बार भी बजट 1 फरवरी को ही पेश होगा। हालांकि माना जा रहा है संसदीय कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित रखने और सार्थक चर्चा सुनिश्चित करने के लिए इस बार के बजट सत्र को दो चरणों में विभाजित किया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार शेड्यूल इस प्रकार रहेगा-

- **पहला चरण:** सत्र की शुरुआत 28 जनवरी 2026 को होगी। यह चरण लगभग दो सप्ताह तक चलेगा और 13 फरवरी 2026 को समाप्त होगा।
- **दूसरा चरण:** अवकाश के बाद संसद 9 मार्च 2026 को फिर से एकत्रित होगी।

# मप्र के 25 शहरों का तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंचा राजस्थान में कोहरे के कारण 2 एक्सीडेंट, 24 घायल

## राजस्थान : 14 जिलों में आज भी शीतलहर-कोहरा, पहली बार दिन का तापमान 10 डिग्री से कम हुआ


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के चलते मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ रही है। मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। खासकर उत्तरी हिस्से में ठंड और घने कोहरे का असर ज्यादा है। शनिवार को प्रदेश के 25 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा।

राजस्थान के 10 से ज्यादा जिले शनिवार सुबह भी घने कोहरे की चपेट में रहे। जैसलमेर और कोटपूतली-बहरोड़ जिले में हुए दो एक्सीडेंट में 24 लोग घायल हो गए। इनमें एक एसएचओ सहित 4 पुलिसवाले भी शामिल हैं।

धुंध के कारण उदयपुर में इंडिगो की दो फ्लाइट कैंसिल हो गई। सीकर, नागौर, जैसलमेर सहित कई जिलों कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। उत्तर प्रदेश में पहाड़ों पर बर्फबारी से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शनिवार सुबह से 30 शहरों में भीषण कोहरा छाया रहा। आजमगढ़ सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का पारा 3.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बंगाल की खाड़ी में बना गहरा डिप्रेशन कमजोर होकर





अब डिप्रेशन में बदल गया है। मौसम विभाग (क्टऊ) के मुताबिक यह सिस्टम शनिवार को उत्तर श्रीलंका के तट को पार कर सकता है। इसके असर से तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

**12 जनवरी: मैदानी राज्यों में बारिश-** उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा में कोहरे के साथ हल्की बारिश का अलर्ट। पहाड़ी राज्यों में तापमान और गिर सकता है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी जारी रहेगी।

**11 जनवरी: पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी-** पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश में घने कोहरे का अलर्ट, कड़ाके की सर्दी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश का अलर्ट, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हो सकती है।।

## टीएमसी कार्यकर्ताओं ने सुवेंदु अधिकारी की गाड़ी को घेरा:नारेबाजी की;

### भाजपा नेता ने हमला करने का आरोप लगाया, पुलिस स्टेशन में धरने पर बैठे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर में तृणमूल कांग्रेस (ळटउ) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी की गाड़ी का घेराव किया और उनके खिलाफ नारेबाजी की। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो कि शुभेंदु अधिकारी ने ही  पर शेयर किया है। सुवेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर हमला करने का आरोप लगाया है। सुवेंदु ने कहा- मैं शनिवार रात करीब 8:20 बजे पुरुलिया से लौट रहा था, इस दौरान पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना रोड इलाके में ळटउ कार्यकर्ताओं ने मुझ पर हमला किया गया।

उन्होंने हमलावरों को सत्ताधारी दल के संरक्षण में काम करने वाले लोग बताया और चंद्रकोना पुलिस स्टेशन के अंदर धरने पर बैठ गए। सुवेंदु ने कहा कि हमले के समय पुलिस मौके पर मौजूद थी, लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की।

सुवेंदु अधिकारी ने इस घटना को सिर्फ खुद पर नहीं, बल्कि पूरे पश्चिम बंगाल में विपक्ष की आवाज पर हमला बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन में हिंसा और डर का माहौल बनाया जा रहा है और राजनीतिक विरोध को दबाने की कोशिश हो रही है। हमले के बाद सुवेंदु अधिकारी चंद्रकोना पुलिस स्टेशन के अंदर धरने पर बैठ गए। उन्होंने मांग की है कि इस मामले में तुरंत कार्रवाई की जाए और दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक जवाबदेही तय नहीं होती, तब तक वे धरना खत्म नहीं करेंगे।

### 9 जनवरी: सुवेंदु अधिकारी का ममता को नोटिस

इससे पहले सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक कानूनी नोटिस भेजा था। इसमें ममता से 72 घंटे के भीतर अपने दावों के सबूत मांगे। सुवेंदु ने कहा कि ऐसा न करने पर वे ममता के खिलाफ मानहानि का केस करेंगे। दरअसल, ममता ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सुवेंदु अधिकारी कोयला तस्करी मामले में शामिल हैं। कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु के जरिए शाह तक जाता है।

बंगाल की मुख्यमंत्री ने कोलकाता में 8 जनवरी को कार्यालय में प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के विरोध में एक सभा को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां की थीं। ममता बनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई है। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला। इसी दौरान बनर्जी ने दावा किया कि उनके पास गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पेन ड्राइव हैं।

## अयोध्या राम मंदिर में नमाज पढ़ने की कोशिश:परिसर में घुसा 55 साल का शख्स पकड़ा गया

अयोध्या के राम मंदिर में एक 55 साल के कश्मीरी व्यक्ति ने नमाज पढ़ने की कोशिश की। जैसे ही उसने नमाज पढ़ने के लिए कपड़ा बिछाया, तो वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसको पकड़ लिया। इसके बाद वह नारेबाजी करने लगा। पूछताछ में उसने अपना नाम अबु अहद शेख बताया। वह कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां भी मौके पर पहुंच गईं। अबु अहद शेख से राम मंदिर परिसर में बने पुलिस कंट्रोल रूम में पूछताछ की गई कि वो अयोध्या क्यों आया था? उसने जो बयान दिए हैं, उन्हें क्रॉस करने के लिए राम मंदिर पथ और रेलवे स्टेशन के उउळश देखे जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, ये संदिग्ध व्यक्ति बिहार के रास्ते यूपी के आगरा और फिर अयोध्या पहुंचा।

## सिंधिया बोले- 48 घंटे में पहुंचेंगे स्पीड पोस्ट, पिछोर में केंद्रीय मंत्री ने की घोषणा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

केंद्रीय मंत्री और गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में स्पीड पोस्ट 24 और 48 की घोषणा की। पहले इस सेवा में डिलीवरी में 3झ5 दिन लगते थे, लेकिन नई पहल के लागू होने पर पार्सल और दस्तावेज 24 या 48 घंटे में उपभोक्ताओं तक पहुंच सकेंगे।

सिंधिया ने कहा, यह पहल डाक विभाग को तेज, आधुनिक और भरोसेमंद लॉजिस्टिक नेटवर्क के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। समयबद्ध डिलीवरी आज हर व्यवसाय और नागरिक के लिए जरूरी है। स्पीड पोस्ट 24 और 48 इसी आवश्यकता को ध्यान में रखकर शुरू की जाएंगी।ह्व

सिंधिया ने बताया कि इस सेवा के लागू होने पर ई-कॉमर्स कंपनियां, व्यापारी, सरकारी विभाग और आम नागरिक सीधे लाभान्वित होंगे। छोटे व्यापारी और उद्यमी अब कम लागत में तेज डिलीवरी के माध्यम से अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकेंगे।



डाकघर का नवीनीकरण और नई इमारत

इस अवसर पर पिछोर उप-डाकघर के नवीनीकरण का लोकार्पण किया गया, जिसकी लागत लगभग 2 लाख रुपए आई है। साथ ही 1.11 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली नई अत्याधुनिक उप-डाकघर इमारत का शिलान्यास और भूमि पूजन भी किया गया। नई इमारत में आधुनिक काउंटर, डिजिटल लेन-देन की सुविधाएं, बेहतर प्रतीक्षालय, कर्मचारियों के लिए सुव्यवस्थित कार्यस्थल और दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल व्यवस्थाएं होंगी।

## पत्नी-बुआ पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

मंदसौर जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलखूंटा में शनिवार शाम करीब 6 बजे एक शख्स ने अपनी पत्नी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जब उसकी बुआ बचाने पहुंचीं, तो आरोपी ने उन पर भी पेट्रोल डालकर आग लगा दी। दोनों महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं और जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती हैं। घटना का श्क्लघ्ड सामने आया है, जिसमें आरोपी आग लगाते हुए दिखाई दे रहा है।

पीड़िता ममता (35) ने बताया कि उसने अपने पति राजूनाथ (40) के खिलाफ नवंबर 2024 में दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया था। आरोप है कि पति ने 5 लाख रुपए की मांग की थी। रकम नहीं मिलने पर घर में आए दिन विवाद और मारपीट होती थी। इसी केस की 9 जनवरी को सीतामऊ कोर्ट में सुनवाई हुई थी। पेशी के बाद ममता अपनी बुआ कासूबाई (60) के घर पीपलखूंटा गांव चली गई थी। महिला के मुताबिक इस मामले में 2 से 3 बार कोर्ट में पेशी हो चुकी है। ममता पिछले करीब एक साल से पति से अलग रह रही थी। शनिवार शाम कोर्ट से लौटने के बाद पति पीपलखूंटा पहुंचा। पहले उसने पत्नी ममता पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जब बुआ कासूबाई उसे बचाने आईं, तो आरोपी ने उन पर भी पेट्रोल डालकर आग लगा दी। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई और दोनों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार ममता का चेहरा,

## देशभर की पुलिस को 20 साल चकमा दिया: लग्जरी कार और अरबी घोड़ों का शौकीन

# 14 राज्यों में वॉन्टेड भोपाल का 'रहमान डकैत' गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

देशभर की पुलिस के लिए दो दशक से सिरदर्द बना भोपाल का कुख्यात अपराधी आबिद अली उर्फ राजू उर्फ ह्यरहमान डकैतह्ण आखिरकार सूरत क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गया। भोपाल के कुख्यात ह्यईरानी डेराह्ण से पूरे देश में अपराध का नेटवर्क चलाने वाला यह गैंगस्टर 14 राज्यों में सक्रिय गिरोहों का सरगना बताया जा रहा है। सूरत के लालगेट इलाके में गुप्त ऑपरेशन के तहत उसे बिना गोली चलाए गिरफ्तार किया गया।




### लूट के पैसों से ऐशो-आराम की जिंदगी

पुलिस के अनुसार, राजू ईरानी और उसका भाई जाकिर अली लूट के पैसों से लग्जरी कारें, महंगी स्पोर्ट्स बाइक और अरबी घोड़े पालने का शौक पूरा करते थे। इलाके में उनका रुतबा किसी ह्यडॉनह्ण जैसा था। जब भी पुलिस दबिश देने पहुंचती, गैंग घर की महिलाओं और बच्चों को आगे कर देता था और मुख्य आरोपी पीछे के रास्तों से फरार हो जाता था। दिसंबर में भोपाल पुलिस ने 150 जवानों के साथ कॉम्बिंग की थी, तब भी वह इसी तरह बच निकला था।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, आरोपी 20 साल से नकली उइक अधिकारी, साधु-बाबा के वेश में लूट, धोखाधड़ी, हिंसक वारदात और जिंदा जलाने के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा। महाराष्ट्र में उस पर टउडउअ जैसे सख्त कानून के तहत भी केस दर्ज है। डीसीपी भावेश रोजिया ने बताया कि इनपुट मिला था कि भोपाल निवासी राजू ईरानी सूरत में किसी बड़ी वारदात की फिराक में आया है। इसी सूचना पर क्राइम ब्रांच ने जाल बिछाकर उसे दबोच लिया। आरोपी 13-14 साल से भोपाल की अमन नगर कॉलोनी में रह रहा था और छह अलग-अलग गैंग ऑपरेट कर रहा था। पुलिस ने बताया कि जो भी व्यक्ति गैंग की जानकारी देता था, उसे जान से मारने की धमकी दी जाती थी। एक मामले में मुखबिर को परिवार सहित घर में बंद कर जिंदा जलाने का प्रयास किया गया था। इसी केस में आरोपी लंबे समय से फरार था।

### 2600 से ज्यादा हिरासत में

# ईरान में प्रदर्शनकारियों को फांसी की धमकी: सरकार ने खुदा का दुश्मन बताया, हिंसा में अब तक 217 मौतें




ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

ईरान में बीते दो हफ्ते से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है।

ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शन में शामिल लोगों को ह्यखुदा का दुश्मनह्ल माना जाएगा, जिसके तहत मौत की सजा दी जा सकती है। टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डॉक्टर के हवाले से बताया कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें ज्यादातर की मौत गोली लगने से हुई हैं।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक अब तक 2600 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अब जब प्रदर्शन मध्यम वर्गीय इलाकों तक फैल गए हैं, तो सरकार बेरहमी से कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी। उनका मानना है कि आने वाले दिनों में हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। ईरान पहले से ही इजराइल के साथ संघर्ष, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों, गिरती अर्थव्यवस्था, बिजली और पानी की किल्लत जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सरकार के भीतर भी मतभेद हैं।

राष्ट्रपति मसूद पजशकियान सार्वजनिक तौर पर नरम रुख दिखा रहे हैं, लेकिन उनके कई मंत्री सख्त कार्रवाई के पक्ष में हैं। सरकार का आरोप है कि अमेरिका और इजराइल इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोग पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी के समर्थन में नारे लगा रहे हैं, जिन्होंने विदेश से प्रदर्शन तेज करने की अपील की है। कुर्द इलाकों में भी लोग सड़कों पर उतर आए हैं। कई प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अब उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं बचा है।



## खामेनेई की अपील- ट्रम्प को खुश करने के लिए देश बर्बाद न करें

ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने शनिवार को देशभर में प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पहली बार राष्ट्र को संबोधित किया था। ईरान के सरकारी टीवी ने उनका भाषण प्रसारित किया।

खामेनेई ने कहा कि ईरान 'विदेशियों के लिए काम करने वाले भाड़े के लोगों' को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शनों के पीछे विदेशी एजेंट हैं जो देश में हिंसा भड़का रहे हैं।

खामेनेई ने कहा कि देश में कुछ ऐसे उपद्रवी हैं जो सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करना चाहते हैं। लेकिन ईरान की एकजुट जनता अपने सभी दुश्मनों को हराएगी। उन्होंने ट्रम्प से कहा कि ईरान के मामलों में दखल देने के बजाय वे अपने देश की समस्याओं पर ध्यान दें।

उन्होंने आगे कहा- इस्लामिक रिपब्लिक सैकड़ों हजारों महान लोगों के खून के बल पर सत्ता में आई है। जो लोग हमें नष्ट करना चाहते हैं, उनके सामने इस्लामिक रिपब्लिक कभी पीछे नहीं हटेगी।ह्व

खामेनेई का यह बयान उस घटना के कुछ ही समय बाद आया है, जब गुरुवार को ट्रम्प ने दोबारा चेतावनी दी थी कि अगर ईरानी सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों की हत्या करते हैं, तो अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है।

## अमेरिका के मिसिसिपी में गोलीबारी, 6 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मिसिसिपी

अमेरिका के मिसिसिपी राज्य के क्ले काउंटी में शुक्रवार रात गोलीबारी की घटना में 6 लोगों की मौत हो गई। लोकल मीडिया और कानूनी एजेंसियों के मुताबिक इस मामले में आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

न्यूज के मुताबिक गोलीबारी की घटनाएं तीन अलग अलग जगहों पर हुई। सभी जगहों पर लोगों को गोली मारी गई, जिसमें छह लोगों की जान चली गई।

क्ले काउंटी के शेरिफ एडी स्कॉट ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि आरोपी को पकड़ लिया गया है। हालांकि उन्होंने मृतकों की संख्या को लेकर कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं बताया।

शेरिफ एडी स्कॉट ने फेसबुक पर लिखा कि वह सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करने की अपील करते हैं।

# ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरी

### नहीं तो रूस-चीन यहां काबिज हो जाएंगे, हम अपने पड़ोस में इन देशों को नहीं चाहते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड पर कब्जा करना क्यों जरूरी है।

उन्होंने व्हाइट हाउस में तेल और गैस कंपनियों के बड़े अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ने ऐसा नहीं किया तो रूस और चीन जैसे देश इस पर काबिज हो जाएंगे।

ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं है, यह रूस और चीन को दूर रखने से जुड़ा है। हम ऐसे देशों को अपना पड़ोसी बनते देख नहीं सकते।

ट्रम्प ने आगे कहा, अमेरिका अगर ग्रीनलैंड को आसान तरीके से हासिल नहीं कर पाया, तो दूसरे सख्त तरीके अपनाने होंगे। उन्होंने कहा, ह्यहम ग्रीनलैंड के मुद्दे पर कुछ न कुछ करेंगे, चाहे उन्हें पसंद हो या न हो।



उन्होंने पत्रकारों से कहा, ह्यमैं चाहता हूं कि सौदा आसान तरीके से हो जाए।ह्व हालांकि, उन्होंने डेनमार्क के प्रति अपनी नरमी भी जताई और कहा, ह्यवैसे मैं डेनमार्क का बहुत बड़ा फैन हूं। वे मेरे साथ बहुत अच्छे रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों को सीधे पैसे देकर उन्हें अमेरिका के साथ जुड़ने के लिए राजी करने की योजना बना रहा है।

## वेनेजुएला की विपक्षी नेता अपना नोबेल ट्रम्प को देने के लिए तैयार, नोबेल कमेटी बोली- ये मुमकिन नहीं

नॉर्वे की नोबेल समिति ने कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार न तो शेयर किया जा सकता है, न वापस लिया जा सकता है और न ही किसी और को दिया जा सकता है। यह बयान उस वक्त आया जब नोबेल पुरस्कार विजेता और वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो ने कहा था कि वह अपना नोबेल शांति पुरस्कार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को देना चाहती हैं। नोबेल समिति ने अपने बयान में कहा कि एक बार नोबेल पुरस्कार का ऐलान हो जाने के बाद उसका फैसला हमेशा के लिए मान्य रहता है। इसे किसी भी हालत में बदला नहीं जा सकता। इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को कहा कि जब मारिया कोरीना मचाडो अगले हफ्ते अमेरिका आएंगी, तब वह इस प्रस्ताव पर उनसे बात करेंगे। मचाडो की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब अमेरिका और वेनेजुएला के रिश्ते बेहद तनावपूर्ण हैं।

## लश्कर आतंकी बोला- पाकिस्तान ने दुनियाभर से उधार मांगा, यहां पैदा होने वाला बच्चा भी कर्जदार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के सीनियर कमांडर मोहम्मद अशफाक राणा ने एक सार्वजनिक जलसे में पाकिस्तान सरकार पर तंज किया है। उन्होंने पंजाब के हालात की तुलना बलूचिस्तान की बदहाली से करते हुए सरकार को चोर तक कह डाला। मोहम्मद अशफाक राणा ने पाकिस्तान की आर्थिक हालत पर भी सवाल उठाए। उसने कहा कि शायद ही दुनिया में कोई देश बचा हो जिससे पाकिस्तान ने कर्ज न लिया हो। पाकिस्तान ने अमेरिका, चीन, सऊदी अरब, वअए, मलेशिया, वर्ल्ड बैंक और क्टत्रसमेत लगभग हर जगह से कर्ज लिया है। उसने आगे कहा कि इसके बावजूद देश की हालत लगातार खराब होती जा रही है। उसने कहा कि पाकिस्तान में पैदा होने वाला हर बच्चा भारी कर्ज के बोझ के साथ जन्म ले रहा है। अगर यह पैसा देश के भीतर लगाया गया होता तो पाकिस्तान आज कई विकसित देशों से आगे होता।

## इंडोनेशिया ने मस्क के ग्रोक चैटबॉट पर बैन लगाया, अकसे अश्लील तस्वीरें बनाने का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंडोनेशिया

इंडोनेशिया ने इलॉन मस्क की कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चैटबॉट ग्रोक को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया है। उइर न्यूज के मुताबिक, ऐसा करने वाला इंडोनेशिया दुनिया का पहला देश बन गया है। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि ग्रोक के जरिए बिना सहमति महिलाओं और बच्चों की अश्लील तस्वीरें बनाई जा रही थीं।

रिपोर्ट में बताया गया कि ग्रोक के इमेज जेनरेशन फीचर से यूजर साधारण टेक्स्ट लिखकर महिलाओं और बच्चों की तस्वीरों को अश्लील तरीके से बदल सकते थे। उइर न्यूज ने जांच में पाया कि इस टूल से महिलाओं की तस्वीरों को बिकिनी या कम कपड़ों में बदला गया, जिनमें अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प जैसी जानी मानी हस्तियां भी शामिल थीं। इंडोनेशिया की संचार और डिजिटल मामलों की मंत्री म्यूत्या हाफिद ने कहा कि यह रोक महिलाओं, बच्चों और आम लोगों को अकसे बनाए जा रहे फर्जी पोर्न कंटेंट से बचाने के लिए लगाई गई है। उन्होंने कहा कि बिना सहमति डीपफेक बनाना मानवाधिकार, सम्मान और डिजिटल सुरक्षा का गंभीर उल्लंघन है। हालांकि ग्रोक पर कुछ दूसरे देशों में भी पाबंदियां लगी हैं, लेकिन पूरी तरह से एक्सेस बंद करने का फैसला पहली बार किसी देश ने लिया है। अन्य जगहों पर विरोध के बाद ग्रोक के कुछ फीचर्स सिर्फ पेड यूजर्स तक सीमित किए गए हैं, लेकिन यूरोप के अधिकारी और डिजिटल अधिकार संगठन इसे नाकाफी कदम मानते हैं। मीडिया के सवालों पर इलॉन मस्क की कंपनी ७अकने सिर्फ इतना जवाब दिया कि लेगेसी मीडिया झूठ बोल रहा है, लेकिन इस पर कोई और जानकारी नहीं दी गई। भारत में भी इस मामले को लेकर कदम उठाया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने एक्स को लेटर लिखकर कहा है कि वह एक्ट 2000 के तहत तय नियमों का पालन नहीं कर रहा है। मंत्रालय ने ग्रोक जैसे अकटूल्स के जरिए अश्लील और यौन कंटेंट को रोकने के लिए की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। लेटर में कहा गया है कि अगर नियमों का पालन नहीं हुआ तो आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत मिलने वाली कानूनी छूट खत्म हो सकती है और आगे कार्रवाई भी की जा सकती है। यूरोप में भी इस मामले को लेकर चिंता बढ़ रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा है कि ग्रोक पर बैन लगाने समेत सभी विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। अमेरिका में रिपब्लिकन सीनेटर टेड क्रूज ने कहा कि अकसे बनी अश्लील तस्वीरें कानून का उल्लंघन हैं और पीड़ितों की निजता और सम्मान के लिए खतरा हैं।

## अंतर ढूंढो...








## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचनशक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-2
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 18 | | 14 | | 4 | | 4 | = | 32 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 10 | | 2 | | 8 | = | 5 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 58 | | 8 | | 23 | | 21 | = | 32 14 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | व | हा | दु | र |
| रा | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | र्जु | है | रा | दी | भा | म | य | ग | रू |
| इं | र | व | न | म | वा | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | हे | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | व | ण | जो | व |
| द | र | म | म | ट्रे | रू | ह | र | गो | विं | द |
| क | र | रा | प | क्ष | प | का | र | चो | द | ख |
| र | ब | त | य | रा | ही | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | ब | त | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# सोमनाथ मंदिर पर गजनवी के हमले के 1000 साल

## मुस्लिम शासकों ने कई बार तोड़ा

**2026 गुजरात के सोमनाथ मंदिर के लिए 2 वजहों से अहम है। साल 1026 में महमूद गजनवी ने मंदिर पर हमला कर ध्वस्त कर दिया था, जिसके 1000 साल पूरे हो रहे हैं।**


**वहीं दूसरी ओर, 11 मई 1951 को स्वतंत्र भारत में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष हो गए हैं। पीएम मोदी ने 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' नाम दिया है।**

## मोदी ने सोमनाथ मंदिर में महाआरती की: ऊं जाप किया-त्रिशूल उठाया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 12 जनवरी तक 3 दिन के गुजरात के दौरे पर हैं। शनिवार शाम वे राजकोट से हेलिकॉप्टर के जरिए सोमनाथ पहुंचे। यहां उन्होंने रोड शो किया। इसके बाद सोमनाथ मंदिर पहुंचे। सोमेश्वर महादेव की महाआरती की। 72 घंटे चलने वाले ऊं जाप में शामिल होकर ऊं जाप भी किया। इसके बाद पीएम ने ड्रोन शो भी देखा, जिसमें 3 हजार ड्रोन से सोमनाथ गाथा प्रस्तुत की गई।

पीएम ने पर लिखा- सोमनाथ आकर धन्य महसूस कर रहा हूं। यह हमारी सभ्यतागत साहस का गौरवपूर्ण प्रतीक है। वहीं, रोड शो के दौरान पीएम को देखने के लिए सड़क के दोनों और भीड़ मौजूद रही थी। मंदिर पहुंचने से पहले पीएम ने सोमनाथ सर्किट हाउस में सोमनाथ के ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग भी की थी। पीएम सोमनाथ सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। दरअसल पीएम मोदी ने सोमनाथ पर 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर हो रहे इस कार्यक्रम को ह्यसोमनाथ स्वाभिमान पर्वह्न नाम दिया है।



### 11 जनवरी का कार्यक्रम

पीएम मोदी 11 जनवरी की सुबह करीब 9:45 बजे शौर्य यात्रा में शामिल होंगे। करीब 2 किमी लंबी इस यात्रा में 108 घोड़े नजर आएंगे।


शौर्य यात्रा सोमनाथ मंदिर की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए निकाली जाती है। यात्रा का समापन सोमनाथ के सद्भावना मैदान में होगा। इसके बाद पीएम सोमनाथ मंदिर में दर्शन, जलाभिषेक और पूजा अर्चना करेंगे। सुबह लगभग 11 बजे सोमनाथ में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और सद्भावना मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

**सद्भावना मैदान 14 साल पहले किया था उपवास-** वर्ष 2012 में जब नरेंद्र मोदी गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने सोमनाथ के इसी मैदान में नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर डैम की ऊंचाई बढ़ाने के मुद्दे पर हुए जन आंदोलन के दौरान सद्भावना उपवास रखा था। तब से यह मैदान 'सद्भावना मैदान' के नाम से पहचाना जाने लगा है।

## कई बार तोड़ा, आजादी के बाद सरदार पटेल ने बनवाया

सोमनाथ मंदिर : 980 साल पहले

### 273 सालों तक हमलों से बचा रहा, दो बार पुनर्निर्माण हुआ



1026-1042 ईसवी के बीच राजा भीमदेव प्रथम ने मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। इनका इलाका वर्तमान राजस्थान-गुजरात और आसपास का था।

1169 ईसवी के अभिलेख के अनुसार, गुजरात के चालुक्य-सोलंकी वंश के शासक कुमारपाल ने मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और इसे रत्नों से सजाया।

सोमनाथ मंदिर : 727 साल पहले

### तीसरा आक्रमण खिलजी ने किया, तोड़ा और लूटा भी



**1299 ईसवी**

गुजरात पर आक्रमण के दौरान **अलाउद्दीन खिलजी** की सेना ने, उसके सेनापति उलूग खान के नेतृत्व में, वाघेला राजा कर्ण को हराने के बाद सोमनाथ मंदिर को लूटा और ध्वस्त किया।

**1308 ईसवी**

महिपाल प्रथम (सौराष्ट्र के चुडासमा वंश के राजा) ने मंदिर का पुनर्निर्माण कराया।

सोमनाथ मंदिर : 1400 साल पहले

### सोने का गुंबद

(13 मंजिल ऊंचा)




गजनवी के हमले से पहले सोमनाथ मंदिर किलेनुमा इमारत के अंदर था। यह तीन तरफ से समुद्र से घिरा हुआ था। सोमनाथ मंदिर की छत पिरामिड की तरह थी। मंदिर 13 मंजिल ऊंचा था। गुम्बद सोने से बने थे। दूर से चमकते थे।

*(सोर्स: इतिहासकार मोहम्मद नाजिम के रॉयल एशिएटिक सोसाइटी में छपे आर्टिकल और अबू रेहान अल-बरूनी की किताब तहरीक ए हिंद के अनुसार)*



सोमनाथ मंदिर के शिलालेखों का प्रमाण छठवीं-सातवीं सदी का मिलता है। उस वक्त वल्लभी के मैत्रक वंश का शासन था। पहला पुनर्निर्माण इसी दौरान हुआ। इसकी जरूरत क्यों पड़ी, इसका ज्रिक कहीं नहीं मिलता है।



सोमनाथ पर पहला आक्रमण 725 ईसवी में सिंध के सूबेदार अल जुनैद ने किया था। इस हमले में मंदिर को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा था। मकसद अरब सत्ता का विस्तार करना था।

815 ईसवी में प्रतिहार शासक नागभट्ट द्वितीय ने लाल बलुआ पत्थर से मंदिर का निर्माण कराया। प्रतिहार वंश का शासन अभी के एमपी, राजस्थान, गुजरात और उत्तरप्रदेश तक फैला था।

सोमनाथ मंदिर : 1000 साल पहले

### दूसरा आक्रमण गजनवी का, मूर्तियों के टुकड़े किए

महमूद गजनवी को सोमनाथ मंदिर की संपत्ति के बारे में अरब यात्री अलबरूनी से पता चला।



18 अक्टूबर 1025 को महमूद गजनवी अफगानिस्तान के गजनी से अल बरूनी के साथ 30,000 घुड़सवारों की सेना लेकर भारत के लिए निकला।

दिसंबर 1025 तक वह गुजरात की सीमा पर पहुंच गया। गजनवी ने 6-8 जनवरी 1026 के बीच मंदिर पर हमला किया।



मंदिर एक मजबूत किले में था। मंदिर की रक्षा के लिए हजारों तीर्थयात्री, ब्राह्मण और योद्धा मौजूद थे। लड़ाई तीन दिन तक चली। मंदिर में घुसकर महमूद ने शिवलिंग को तोड़ा।

■ वर्ष-12 अंक-70 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 11 जनवरी, 2026

### सुभाषितानि

धनिकः श्रोत्रियो राजा नदी वैद्यस्तु पञ्चमः।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न तत्र दिवसे वसेत॥

**भावार्थ** : जहां कोई सेठ, वेदपाठी विद्वान, राजा और वैद्य न हो, जहां कोई नदी न हो, इन पांच स्थानों पर एक दिन भी नहीं रहना चाहिए।

## छायाचित्रं तत्क्षणमेव मुद्रयति येन जनाः स्वमेजस्य

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

अद्भुतं उपहारम् अस्ति अयं कॅमेरा नववर्षस्य पार्टिषु, उत्सवेषु च गृहीताः छायाचित्रं तत्क्षणमेव मुद्रयति, येन जनाः स्वमेजस्य, भित्तिषु, एल्बमेषु वा अलङ्कृत्य ताः स्मृतयः सदायै ताजाः स्थापयितुं शक्नुवन्ति एतत् उपकरणं विषादस्य आधुनिकप्रौद्योगिक्याः च अद्वितीयं मिश्रणं भवति, यत् कस्यापि उत्सवस्य आनन्दं वर्धयति। विशेषज्ञाः अपि मन्यन्ते यत् उपकरणक्रयणकाले न केवलं आकर्षकरूपेषु ध्यानं दातव्यं, अपितु ब्राण्डविश्वसनीयतां, बजटस्य किफायतीत्वं च विचारणीयम् विपण्यां बहवः स्मार्टविकल्पाः उपलभ्यन्ते ये जेबं सुलभाः परन्तु उपयोगितायाः दृष्ट्या अतीव प्रभाविणः सन्ति। समग्रतया २०२६ तमस्य वर्षस्य प्रथमसप्ताहः अयं उपहारद्वारा प्रत्येकस्मिन् गृहे प्रौद्योगिकीम् आनेतुं मार्गः अभवत्, यत्र जनाः नीरसं पारम्परिकं च वस्तूनि स्थाने किमपि स्मार्ट उपयोगी च दातुम् इच्छन्ति।

जानीयात्प्रेषणेभृत्यान् बान्धवान्व्यसनाऽऽगमे।
मित्रं याऽऽपत्तिकालेषु भार्यां च विभवक्षये॥

**भावार्थ** : किसी महत्वपूर्ण कार्य पर भेजते समय सेवक की पहचान होती है । दुःख के समय में बन्धु-बान्धवों की, विपत्ति के समय मित्र की तथा धन नष्ट हो जाने पर पत्नी की परीक्षा होती है।

## सम्पादकीयम्

# अवधनामा

सम्भवतः अत एव मीरहसनदेहलवी नाम उर्दू-कविः प्रसिद्धः असुरक्षित-दिल्ली-नगरात् विदां कृत्वा फैजाबाद-नगरं प्रति प्रस्थितवान्। यदा सः लखनऊनगरम् आगतः तदा तस्य उपहासः अभवत्। सः अपि लिखितवान् यत्- यदा अहं लखनऊनगरम् आगतः तदा अहं कोऽपि वसन्तः न दृष्टवान्। लखनऊनगरस्य प्रत्येकं वीथिः एतावत् संकीर्णः अस्ति, वायुः अपि कष्टेन एव गच्छति। रजः जलं च विहाय अत्र सर्वस्य क्षयम् अपश्यम्। एतत् नगरं कुफा-नगरस्य तुल्यम् अस्ति; यदि शिया-जनाः एतत् धर्म्यं वदन्ति तर्हि दुष्टम् अस्ति। प्रसंगवशं कुफा इति इराक-नगरस्य नाम यस्य निवासिनः अतीव निर्दयाः इति मन्यन्ते स्म। स्वाभाविकतया लखनऊ-नगरस्य तुलनां तत् नगरेण सह लखनऊ-नगरस्य जनाः अतीव आक्षिप्ताः अभवन्। परन्तु मीरहसनः अविचलितः आसीत्। सः फैजाबादनगरम् आगत्य तत्र एकं शिष्टं कार्यं प्राप्तवान्, एतावत् यत् सः तस्मिन् एतावत् लीनः अभवत् यत् सः तत् बाघ-ए-इराम (स्वर्गस्य उद्यानम्) इति अपि आह्वयति स्म। परन्तु १७७५ तमे वर्षे नवाब असफ-उद्-दौला इत्यनेन सहसा प्रान्तीयराजधानी लखनऊनगरं स्थापयित्वा स्वप्ननगरे परिणतुं आरब्धम्, फैजाबादस्य सर्वाणि वैभवं च नष्टम् अभवत्। स्वस्य बाग-ए-इरामस्य विनाशं सहितुं असमर्थः सः अपि निर्गत्य लखनऊ-नगरं गतः। तत्र सः अवाप्तवान् यत् नवाब असफ-उद-दौला लखनऊ-नगरस्य अनादरेन अतीव दुःखितः अस्ति।

### जापानी-शिङ्कान्सेन्-प्रौद्योगिक्या चालिता

# मुम्बई-अहमदाबाद-बलेट-रेलगाड़ी अगस्त-2027-मासात् आरभ्य



## पश्चिमभारतस्य प्रमुखनगराणि सम्बध्दयति

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

भारतं उच्चगतिरेलयुगे प्रवेशं कर्तुं सज्जः दृश्यते। मुम्बई-अहमदाबादयोः मध्ये प्रस्ताविता देशस्य प्रथमा बुलेट्-रेल-परियोजना अधुना निर्णायक-सङ्केते प्राप्ता अस्ति। २०२७ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासे अस्याः ऐतिहासिकस्य रेलयानस्य परिचालनं आरभ्य भारतं न केवलं स्वस्य रेलप्रौद्योगिकीम् नूतनानि ऊर्ध्वतानि नेष्यति अपितु देशस्य परिवहनस्य, पर्यटनस्य, आर्थिकक्रियाकलापस्य च सम्पूर्णं परिदृश्यं परिवर्तयितुं पदानि अपि गृह्णाति रेलमन्त्री अश्विनीवैष्णवस्य साझीकृतस्य अस्याः महत्त्वाकांक्षिणः परियोजनायाः दृष्टिः अधुना स्थले एव साकारं भवति। मुम्बई-अहमदाबाद-उच्चगति-रेल-गलियारा अद्यपर्यन्तं भारतस्य आधुनिकतम-प्रौद्योगिक्याः उन्नत-रेल-परियोजनासु अन्यतमः इति मन्यते। एकदा एषा बुलेट-रेलगाडी कार्यरतं भवति तदा द्वयोः नगरयोः मध्ये यात्रायाः समयः वर्तमानस्य सप्तघण्टातः अष्टघण्टापर्यन्तं केवलं द्वौ घण्टाः यावत् न्यूनीकरिष्यति। एतत् परिवर्तनं न केवलं समयस्य रक्षणं करिष्यति अपितु व्यापारिकक्रियाकलापानाम्, जनानां आन्दोलनस्य, पर्यटनस्य च नूतनावकाशान् अपि सृजति। पश्चिमभारतस्य प्रमुखौ आर्थिककेन्द्रद्वयं संयोजयन्ती एषा रेलसेवा देशस्य विकासाय प्रमुखं प्रवर्धनं सिद्धं भवितुम् अर्हति। परियोजनायाः चरणबद्धरूपेण आरम्भस्य योजना अस्ति येन यात्रिकाः यथाशीघ्रं एतस्य उच्चगतिप्रौद्योगिक्याः अनुभवं कर्तुं शक्नुवन्ति। प्रारम्भिकचरणं सूरत-बिलिमोरा-योः मध्ये सेवा आरभ्यते, तदनन्तरं वापी-सूरत-वापी-अहमदाबाद-खण्डयोः सेवा आरभ्यते। अन्तिमचरणं ठाणेतः अहमदाबादपर्यन्तं ५०८ किलोमीट र्व्यासस्य सम्पूर्णं गलियारं एकीकृत्य स्थापयिष्यति। एषः क्रमिकविस्तारः न केवलं तान्त्रिकपरीक्षणस्य सुविधां करिष्यति अपितु यात्रिकाणां मध्ये बुलेटरेलयानस्य विषये उत्साहं निरन्तरं जनयिष्यति। मुम्बई-अहमदाबाद-नगरस्य बुलेट्-रेलयानं जापानस्य अत्याधुनिकशिङ्कान्सेन्-प्रौद्योगिक्याः आधारेण भविष्यति, यत् विश्वव्यापीरूपेण स्वस्य गतिः, सुरक्षा, विश्वसनीयता च इति कारणेन प्रसिद्धा अस्ति एषा प्रौद्योगिक्याः भारतीयरेलवे वैश्विकमानकानां समीपं गमिष्यति। बुलेट-रेलगाडी अत्यन्तं उच्चसुरक्षामानकैः सह कार्यं करिष्यति, यत्र भूकम्पादि-आपातकाल-निवारणाय उन्नत-व्यवस्थाः सन्ति। एतेन यात्रिकाणां कृते न केवलं द्रुतगतिः अपितु विश्वसनीयः आरामदायकः च यात्रानुभवः अपि प्राप्यते।

### धनुरोगिणः अस्मिन् काले

# अल्पयात्रायां कानूनीदस्तावेजेषु हस्ताक्षरं कुर्वन्तः

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

व्यापारिकसम्पर्कैः च सावधानतायाः आवश्यकता वर्तते, यतः विश्वसनीयजनैः विश्वासघातस्य सम्भावना वर्धते, येन न केवलं आर्थिकहानिः अपितु मानसिकपीडा अपि भवति धनुजनानाम् कृते एषः विस्फोटकः योगः तेषां तृतीये गृहे एव निर्मितः भविष्यति, यः साहसं, शौर्यं, भ्रातृभ्रातृभिः सह सम्बन्धं च प्रतिनिधियति। परन्तु राहुस्य प्रभावात् एतत् साहसं साहसे परिणतुं शक्नोति, कठोरवाक्येन पूर्वमेव सिद्धानि कार्याणि नाशयितुं शक्यन्ते। धनुरोगिणः अस्मिन् काले अल्पयात्रायां कानूनीदस्तावेजेषु हस्ताक्षरं कुर्वन्तः विशेषसावधानीयाः आवश्यकतां अनुभवन्ति, यतः लघुप्रमादात् अपि प्रमुखकानूनीजटिलताः भवितुम् अर्हन्ति, सम्पत्तिविषये वा अन्यविषयेषु भ्रातृभ्रातृभिः सह विवादाः हिंसारूपेण अपि परिणतुं शक्नुवन्ति मकरराशिनां जनानां कृते एषः योगः तेषां द्वितीयगृहे, धनपरिवारस्य च गृहे प्रभावी भविष्यति, येन तेषां पारिवारिकजीवने अशान्तिः आर्थिका अस्थिरता च भवितुं शक्नोति अस्मिन् काले मकरस्य जनानां सञ्चयस्य संरक्षणार्थं कठिनं संघर्षं कर्तव्यं भविष्यति, अप्रत्याशितव्ययः च तेषां बजटस्य पूर्णतया नाशं कर्तुं शक्नोति। कठोरभाषा परिवारजनैः सह सम्बन्धेषु अपि एकं दरारं जनयितुं शक्नोति यस्य चिकित्सा भविष्ये कठिना भविष्यति।

देशस्य विश्वस्य च सन्दर्भे मंगल-राहुयोः एषः संयोगः प्राकृतिक-आपदानां, अग्नि-घटनानां, राजनैतिक-अस्थिरतायाः च योगदानं दातुं शक्नोति, यतः कुंभ-राशिस्थः एषः विस्फोटकः संयोगः जनस्य मध्ये असन्तुष्टिं, विद्रोहं च वर्धयति ज्योतिषशास्त्रे मंगलग्रहः रक्तयुद्धेश्वरः, राहुः तु षड्यंत्रभ्रमेश्वरः इति मन्यते।

## राशिफल

**मेष** : पैसों के मामले में खर्च थोड़ा बढ़ सकता है, इसलिए फालतू चीजों पर हाथ रोकना जरूरी है।

**वृषभ** : छोटी-छोटी दिक्कतों को नजरअंदाज करना ठीक नहीं रहेगा। पैसों के मामले में सोच-समझकर फैसले लें।

**मिथुन** : बस ध्यान रखें कि एक साथ बहुत कुछ न पकड़ लें। रिश्तों में बातों से गलतफहमी भी हो सकती है।

**कर्क** : काम में धीरे-धीरे लेकिन पक्की प्रगति होगी। पैसों को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है, बस खर्च पर नजर रखें।

**सिंह** : पैसों की स्थिति ठीक रहेगी और सेहत भी अच्छी, बस ज्यादा तनाव न लें। अपने परिवार के सपोर्ट के लिए ग्रेटफुल रहें।

**कन्या** : आपके आइडिया और कम्यूनिकेशन स्किल्स दूसरों का ध्यान आकर्षित कर सकते हैं।

**तुला** : रिश्तों में छोटी बातों को लेकर ज्यादा सोचने से बचें। सेहत के मामले में खुद पर ज्यादा दबाव न डालें।

**वृश्चिक** : सिंगल लोगों के लिए, डेटिंग शुरू करने और सही पार्टनर ढूंढने का यह सबसे अच्छा समय रहेगा।

**धनु** : न बहुत फायदा न बहुत नुकसान। सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव रह सकता है, इसलिए अपनी दिनचर्या ठीक रखें।

**मकर** : भावनाओं पर कंट्रोल रखना जरूरी है। सेहत में सुधार के संकेत हैं, बस तनाव को खुद पर हावी न होने दें।

**कुंभ** : अगर निवेश करने पर विचार कर रहे हैं तो किसी फाइनेंशियल एडवाइजर से सलह लेने पर जरूर विचार करें।

**मीन** : जब इंटरव्यू के दौरान डॉक्यूमेंट्स जमा करते समय अपनी स्किल्स दर्शाने की बात आती है तो संकोच न करें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 20 जनवरी से इन राशि वालों पर रहेगी शनि की विशेष कृपा, धन लाभ के मिलेंगे नए अवसर

शनि जनवरी में साल का पहला और महत्वपूर्ण गोचर करने जा रहे हैं। इसका प्रभाव 12 राशियों पर पड़ने वाला है। लेकिन कुछ जातकों को विशेष लाभ की प्राप्ति संभव है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

20 जनवरी 2026 को शनि साल का पहला नक्षत्र परिवर्तन करने जा रहे हैं। यह दिन ज्योतिष दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि कर्मफलदाता एक लंबी अवधि के बाद ही नक्षत्र गोचर करते हैं। चूंकि वह धीमी गति के साथ गोचर करते हैं, इसलिए उनका शुभ-अशुभ प्रभाव राशियों पर भी अधिक समय तक रहता है। वर्तमान में वह मीन में विराजमान हैं और पूरे वर्ष इसी राशि में रहने वाले हैं। हालांकि, मीन में रहते हुए शनि 20 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजकर 13 मिनट पर उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में एंट्री करेंगे। संयोग की बात यह है कि, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के स्वामी स्वयं शनिदेव हैं। ऐसे में शनि का अपने ही घर यानी नक्षत्र में आने से पर उनका प्रभाव और भी गई गुना बढ़ सकता है, जिससे कुछ राशि वालों को मनचाहा लाभ, सफलता और प्रयासों का पूर्ण फल प्राप्त होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए समय खास रहेगा। शनि के प्रभाव से आपकी आय में वृद्धि होगी और कहीं पर अटका धन



आपको सुरक्षित रूप से प्राप्त हो सकता है। सरकारी क्षेत्र में लाभ होने के साथ-साथ आपके संबंध भी अच्छे बनेंगे। कोर्ट-कचहरी से राहत मिलेगी। नया घर या वाहन खरीदने के लिए किया गया निवेश आपको मनचाहा लाभ दे सकता है। खास बात यह है कि, स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में राहत मिलने के संकेत हैं। मानसिक रूप से स्थिर रहने वाली है। नई नौकरी या प्रमोशन का प्रस्ताव प्राप्त होगा।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए समय रचनात्मकता से भरा रहने वाला है। कला के क्षेत्र में आप अच्छा नाम कमाएंगे। इस समय आपके भाग्य में भी वृद्धि होगी और किसी नए प्रोजेक्ट में सफलता मिलने की पूरी संभावना बढ़ जाएगी। कर्क राशि के लोग प्रमोशन के लिए चुने जा सकते हैं, जिस कारण न केवल आपका प्रभाव बढ़ेगा बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन मजबूत होगा। जो लोग लेखन क्षेत्र में कार्यरत हैं, उन्हें नए अवसर मिलेंगे। लोगों में आपका प्रभाव पहले से कई गुना बढ़ेगा। जीवन में जो बड़ी समस्याएं आपको लंबे समय से परेशान कर रही थीं, वह समाप्त होंगी।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए समय सकारात्मकता से भरा रहने वाला है। शनि के प्रभाव से कार्यों को लेकर किए गए प्रयासों का फल आपको प्राप्त होने वाला है। मकर राशि के लोगों को भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होगी और समाज में भी आपके मान में इजाफा होने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास से भरपूर महसूस करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से कहीं अधिक मजबूत हो सकती है। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कोई नया घर आप खरीदेंगे। संपत्ति में वृद्धि के योग बनेंगे।

## खबर एक नजर...

### मजदूरों के साथ आटो रिक्शा चालक ने की मारपीट

**उज्जैन।** माधवनगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज स्थित मजदूर चौराहा पर शुक्रवार-शनिवार रात आटो रिक्शा चालक ने अपने साथियों को बुलाकर खाना खाने जा रहे 3 मजदूरों अतुल पिता अखिलेश, अर्पित पिता शिवलखन कुशवाह और रिया पिता जयलाल निवासी कानपुर उत्तरप्रदेश के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। अतुल ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई और बताया कि वह साथियों के साथ पैदल जा रहा था, तभी रिक्शा चालक तेजगति से पास में आ गया। उसे देखकर और साइड से चलाने की बात कहीं तो उसने पहले गाली-गलौच की और अपने साथियों को बुला लिया। पुलिस के अनुसार मामले में अज्ञात रिक्शा चालक और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मजदूर चौराहा पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखकर रिक्शा का नम्बर ट्रेस कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

### बाइक सवार के पास मिली 22 हजार की अवैध शराब

**उज्जैन।** शहर में शराब पर प्रतिबंध लगने के बाद इंदौर-देवास के रास्ते अवैध शराब लाने के मामले लगातार बढ़ते दिखाई दे रही है। शनिवार को नरवर थाना पुलिस ने ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश के पास नई उज्जैनी कालोनी नॉलेज सिटी मार्ग से बाइक क्रमांक एमपी 13 एफयू 1482 पर सवार व्यक्ति को पकड़ा। उसके पास से थैले में भरे देशी शराब के 300 क्वार्टर बरामद किये गये। अवैध शराब की कीमत 22 हजार से अधिक सामने आई। बाइक सवार शराब संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा पाया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। पिछले कुछ दिनों से शहर में अवैध शराब लाने के मामले लगातार सामने आ रहे है। नीलगंगा थाना पुलिस ने 2 दिन पहले लालपुल के पास से एक्टिवा सवार युवक को हिरासत में लेकर 6 पेटी देशी शराब की बरामद की थी। वहीं पंवासा थाना पुलिस ने मक्सीरोड श्रीसिंथेटिक्स मार्ग से इंदौर के अधेड़ को हिरासत में लिया था। जिसके पास से 2 बोरे में भरे 350 क्वार्टर जप्त किये थे। देवासगेट थाना पुलिस ने सामाजिक न्याय परिसर से झालावाड़ के युवक को गिरफ्तार के किया था। उसके पास से 37 क्वार्टर बरामद हुए थे। सभी से पूछताछ में पता चला था कि इंदौर के रास्ते शराब उज्जैन तक लेकर आये थे। पंवासा थाना पुलिस शराब उपलब्ध कराने वाले की तलाश में इंदौर तक भी पहुंची थी।

### बेहोशी की हालत में मिले ग्रामीण की हुई मौत

**उज्जैन।** थाना झारड़ा के ग्राम पिपलियाधूमा में रहने वाला बद्रीलाल पिता शंकरलाल आंजना 60 साल 4 दिन पहले खेत में बेहोश मिला था। भाई चैनसिंह उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। जहां 4 दिन चले उपचार के बाद शुक्रवार-शनिवार रात मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर जीवाजीगंज थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस के अनुसार घटनास्थल झारड़ा का होने पर मर्ग डायरी संबंधित थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### कानीपुरा मार्ग महर्षि सुपर मार्ट की छत से गिरा युवक

**उज्जैन।** कानीपुरा मार्ग महर्षि सुपर मार्ट की छत से गिरने पर शनिवार शाम घायल हालत में एक युवक को चरक अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। घायल ने छत से 2 युवकों पर धक्का देने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। अतिरिक्त विश्व बैंक कालोनी में रहने वाले रजत पिता निलेश निगम 24 साल को कुछ लोग चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। रजत के छत से गिरने पर घायल होने की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। पुलिस घायल के बयान दर्ज करने पहुंची तो सामने आया कि उसे मार्ट की छत से 2 लोगों ने धक्का दिया है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार घायल युवक खुद मार्ट पहुंचा था, मामला मार्ट में काम करने वाली युवती से जुड़ा होना सामने आ रहा है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जायेगें उसके बाद ही घटना का सही कारण सामने आ पायेगा।


## सायबर ठगी का नया तरीका, पुलिस की अपील रहे सर्तक

# सावधान आपके पास आ सकता है फर्जी ई-चालान संदेश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सायबर ठगों ने अब फर्जी ई-चालान के माध्यम से लोगों के अकाउंट खाली करने का तरीका अपना लिया है। वाट्सएप और ई-मेल पर फर्जी चालान जमा करने की लिंक भेजी जा रही है। पुलिस ने सायबर ठगों का शिकार होने से बचने की अपील जारी कर लोगों से सर्तक रहने की बात कहीं है।

संचार क्रांति के युग में सायबर ठगों द्वारा हर दिन लोगों के साथ ठगी करने के नये-नये तरीके अपनाये जा रहा है। अब ठगों का नया तरीका सामने आया है, जो ट्रेफिक ई-चालान से जुड़ा है। ठगों द्वारा आम लोगों को वाट्सएप के साथ ई-मेल पर फर्जी चालान संदेश के साथ लिंक भेजी जा रही और चालान जल्द जमा करने के लिये कहा जा रहा है। संदेश में रेड सिग्नल जंप, चालान नम्बर, राशि को अंकित किया जा रहा है। लिंक को क्लिक करते ही लोगों की व्यक्तिगत और बैंकिंग की जानकारी ठगों के हाथ लग रही है। जिससे वह खातों का खाली कर रहे है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में ई-चालान के नाम से ठगी होना भी सामने आ चुका है। उज्जैन में कोई फर्जी ई-चालान के नाम पर ठगी का शिकार ना हो इसको लेकर पुलिस ने सर्तक रहने की अपील जारी की है और बताया कि किसी भी संदिग्ध ई-चालान से ना घबराएं। सबसे पहले मैसेज भेजने वाले सेंडर का नाम/नंबर जांचें। यदि संदेश किसी अधिकृत सरकारी एजेंसी से प्राप्त नहीं हुआ है, तो उसे तुरंत इग्नोर करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। अपनी बैंकिंग, ओटीपी, कार्ड डिटेल या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें।



### एम.परिवहन-डिजिलॉकर एप अधिकृत

पुलिस ने फर्जी ई-चालान से बचने के लिये जानकारी देते हुए बताया कि आम लोग मोबाइल पर मिलने वाले ई-चालान की जांच करे। स्मार्ट सिटी और पुलिस की ओर से भेजे जाने वाले चालान एम परिवहन और डिजिलॉकर एप के माध्यम से भेजे जाते है। यहीं परिवहन विभाग की अधिकारिक वेबसाइड है।

### ठगी का शिकार होने पर यह करें

पुलिस द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि अगर फर्जी ई-चालान के माध्यम से आम नागरिक किसी लिंक या एप को डाउनलोट कर लेता है तो तत्काल अपने मोबाइल में लगी सीम कोर्ड को निकाल ले। मोबाइल फोन को अधिकृत सर्विस सेंटर पर जाकर फार्मेट कराये। हार्ड फार्मेट के बाद ही मोबाइल में सिम कार्ड डाले। अपना ई-मेल आईडी पासवर्ड तुरंत बदले। वहीं मोबाइल के समस्त बैंकिंग एप, सोशल मीडिया आकाउंट के पासवर्ड भी बदल ले।

# होटल में हिन्दू युवती के साथ मिला मुस्लिम युवक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन। मालीपुरा की होटल से शनिवार शाम हिन्दू युवती के साथ मुस्लिम युवक को पकड़ा गया है। होटल संचालक की सूचना पर पुलिस के साथ हिन्दूवादी संगठन होटल पहुंचा था।

देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि मालीपुरा में होटल दर्शन के संचालक द्वारा सूचना देकर बताया गया था कि भोपाल का रहने वाला मुस्लिम युवक साहिद अहमद जबलपुर की हिन्दू युवती के साथ होटल में आकर ठहरा है। संचालक ने हिन्दूवादी संगठन को भी सूचना दी थी। पुलिस कुछ देर में होटल पहुंची, जहां हिन्दूवादी संगठन के लोग भी आ चुके थे। युवक को हिरासत में लिया और युवती को थाने लाया गया। जहां युवती के परिजनों से चर्चा करने पर मां से संपर्क हुआ। जो मुम्बई में केयर टेकर का काम करती है। वह रविवार सुबह तक उज्जैन पहुंचेगी। वहीं युवक से पूछताछ में पता चला कि वह फ्री फायर गेम खेलते थे। उस दौरान चैट की जाती थी। युवती अपनी सहेली के साथ उज्जैन पहुंची थी वह भी भोपाल से आ गया था। युवती की सहेली वापस जबलपुर लौट गई थी। युवती के परिजनों के आने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**युवक के सिर पर लगाया था चंदन लेप-** हिन्दूवादी संगठन के कार्यकताओं ने बताया कि मुस्लिम युवक ने सिर पर चंदन का लेप लगा रखा था, वह युवती के साथ होटल के कमरे में ठहरा था। वहीं पुलिस के अनुसार दोनों ने अपने नाम की आईडी भी होटल संचालक को दी थी। युवक का नाम मुस्लिम और युवती का हिन्दू होने पर पुलिस को सूचना दी गई।

# धमकाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



**सुसाइड का झूठा वीडियो बनाकर हुआ था फरार**

महिला को धमकाकर 3 माह से दुष्कर्म करने वाले युवक की शिकायत पुलिस के पास पहुंची तो उसने सुसाइड का झूठा वीडियो बनाकर फरार होने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 3 माह पहले महिला को घर के अकेला पाकर क्षेत्र के रहने वाले नारायण पिता गोपाल चौहान ने गलत काम किया था। महिला के विरोध करने पर उसने पति को जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के बाद से आरोपी लगातार महिला को धमका रहा था और समाज में बदनाम करने की धमकी दे रहा था। आरोपी की हरकतों से परेशान महिला ने 5 जनवरी को मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। ममाले दर्ज कर आरोपी की तलाश में शुरू की तो उसका एक वीडियो सामने आया, जिसमें उसने सुसाइड की धमकी देकर फरार होने का प्रयास किया। उसकी तलाश में प्रधान आरक्षक हरिगोविंदसिंह यादव, आरक्षक हितेश निम्बोला, विजय जाट, मुकेश नागर, नवीन जादम, महिला आरक्षक सीमा सिंगाड, सपना राठौर की टीम बनाई। तकनीकी साक्ष्यों की जांच की गई और शनिवार को पता चलने पर बदनावर चौपाटी से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

# नाबालिगों को प्रतिबंधित चाइना डोर बेचने आया था युवक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन






**पुलिस ने तीनों को लिया हिरासत में, दर्ज किया धारा 223 का प्रकरण**

चाइना डोर पर प्रतिबंध लगा हुआ है। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस तलाशी और सर्तकता अभियान चला रही है। शनिवार को बड़नगर पुलिस ने नाबालिगों को चाइना डोर बेचने आये युवक को पकड़ा।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व से पहले चाइना डोर पर लगे प्रतिबंध के मध्य नजर लगतार कस्बे में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को खबर मिली थी कि एक युवक चाइना डोर के साथ हजारी बाग सती माता मंदिर के पास खड़ा हुआ है। वह प्रतिबंधित डोर किसी को देने की फिराक में है। युवक को पकड़ने के लिये एसआई सौभागसिंह पंवार, राजेन्द्रसिंह हाड़ा, आरक्षक महेश मोर्य, नितेश रायकवार, अजय चौहान और कैलाश गरवाल को रवाना किया गया। टीम ने युवक की तलाश शुरू की। इस दौरान युवक द्वारा 2 युवकों को डोर का गट्टा देता दिखाई दिया। तत्काल तीनों को पकड़ा गया और डोर की जांच की गई, जो नायलोन से बनी प्रतिबंधित चाइना डोर होना सामने आई। तीनों को थाने लाया गया, जहां पूछताछ में डोर लेने आये दोनों युवक इंगोरिया के नाबालिग होना सामने आये। वही डोर देने वाला आजाद चौक बड़नगर का रहने वाला जय पिता जगदीश सोनी था। तीनों के खिलाफ प्रतिबंधित डोर खरीदने-बेचने के मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार कस्बे में सभी दुकानों पर चैकिंग कर चाइना डोर नहीं बेचने की हिदायत दी जा रही है। अब तक दुकानों पर चाइना डोर नहीं पाई गई है। पुलिस पतंगबाजी करने वालों पर भी नजर रख रही है।

### वज्र वाहन-ड्रोन के साथ निकली पुलिस

शहर में जानलेवा प्रतिबंधित चाइना डोर को लेकर महाकाल थाना पुलिस द्वारा शनिवार को व्यापक जागरूकता अभियान वज्र वाहन और ड्रोन के साथ अनाउंसमेंट करते हुए किया। एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक मनीष यादव, आरक्षक प्रकाश अलावा, सैनिक विशाल यादव ने टीम के साथ सभी ब्रिज, प्रमुख मार्गो, चौराहों और संवेदनशील क्षेत्र का भ्रमण कर चाइना डोर से पतंगबाजी नहीं करने की हिदायत दी। वहीं पूर्व में ब्रिजों पर चाइना डोर से बचाव के लिये बांधे गये तारों को चैक किया। यहीं नहीं दो पहिया वाहन चालकों को एंटी डोर प्रोटेक्टर लगाने के लिये भी जागरूक किया। सभी क्षेत्रों में भ्रमण के बाद पुलिस टीम महाकाल थाना क्षेत्र के मुख्य पतंगबाजार में दुकानों पर जांच के लिये पहुंची। सभी दुकानदारों से चाइना डोर नहीं बेचने की अपील की गई। एएसआई चंद्रभानसिंह ने बताया कि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिये पुलिस तत्पर है। चाइना डोर मानव जाति ही नहीं पशु पक्षियों के भी घातक साबित हो रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com